(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)

हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

इंजीनियरिंग गर्ल्स ...8



शनिवार, 28 अगस्त 2021 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 08 अंकः 252 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/—रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड— SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड—133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## भारत का पहला विदेशी सैन्य बेस, जिसकी मदद से काबुल में फंसे भारतीयों को सकुशल निकाला गया

काबुल। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद गुरुवार को पहला बड़ा धमाका हुआ। जिसमें 100 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबरें सामने आ रही हैं। इस हमले में 13 अमेरिकी सैनिकों की भी मौत हुई। दरअसल, 15 अगस्त के दिन राजधानी काबुल में तालिबानियों की एंट्री के साथ ही अफगानी जमीं में रह रहे लोग मुल्क छोड़ने के लिए विवश हो गए। क्योंकि यह लोग तालिबान द्वारा किए गए अत्याचारों को भूल नहीं पाए थे। ऐसे में भारी तादाद में लोग काबुल एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से भारत समेत तमाम मुल्कों की सरकारों ने लोगों को निकालने के लिए आपातकालीन ऑपरेशन चलाया हुआ है।

**पहला विदेशी सैन्य बेस**

ऐसे में अफगानिस्तान से लोगों को निकालने के लिए भारत का पहला विदेश सैन्य बेस काफी महत्वपूर्ण रहा। आपको बता दें कि अफगान संकट के समय पर भारत का पहला विदेशी एयरबेस गिसार मिलिट्री एयरोड्रम फंसे भारतीयों को निकालने का अहम जरिया बना। दरअसल, गिसार मिलिट्री एयरोड्रम को भारत और ताजिकिस्तान मिलकर चला रहा है।

भारत का पहला विदेशी सैन्य बेस ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे के पश्चिम में स्थित है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक लगभग दो दशकों से भारत और ताजिकिस्तान मिलकर इस सैन्य बेस को चला रहे हैं।

**विदेश मंत्रालय की मदद से बना सैन्य बेस**



सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक गिसार मिलिट्री एयरोड्रम की स्थापना में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और पूर्व वायु सेना प्रमुख बीएस धनोआ की मुख्य भूमिका थी। इस सैन्य बेस को बनाने में जो पैसा खर्च हुआ है उसे विदेश मंत्रालय ने वहन किया है।

हाल ही वायुसेना के विमान ने काबुल में फंसे भारतीयों को निकालकर ताजिकिस्तान पहुंचाया था। जहां से एयर इंडिया के विमान से उन्हें भारत लाया गया। आपको बता दें कि काबुल से लोगों को निकालने के लिए वायुसेना के सी—17 विमान को दुशांबे में स्थित सैन्य बेस में स्टैंड बाई में रखा गया है। दरअसल, इस एयरबेस को जीएमए अयानी एयर बेस के तौर पर जाना जाता है। क्योंकि यह दुशांबे से 10 किमी दूर अयानी नामक गांव में स्थित है। जॉर्ज फर्नांडिस का मिला समर्थनः विदेशी जमीं पर भारत के सैन्य बेस का विचार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में विदेश मंत्रालय को आया था। ऐसे में साल 2001—02 के आस पास तत्कालीन रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस ने इसका समर्थन किया और इसे योजना की रूपरेखा दी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गिसार की हवाईपट्टी की मरम्मत की गई और उसे बढ़ाकर बड़े विमानों को उतराने और उड़ान भरने लायक बनाया गया।

## लखनऊ की दिवसीय यात्रा पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, हीरक जयंती वर्ष के समापन समारोह को किया संबोधित

लखनऊ।राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उत्तर प्रदेश के अपने दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को कहा कि देश के सफलतापूर्वक संचालन के लिए अनुशासित नागरिकों का होना जरूरी है। राष्ट्रपति कोविंद ने यहां कैप्टन मनोज कुमार पांडेय सैनिक स्कूल में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. सम्पूर्णानंद की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद स्कूल के हीरक जयंती वर्ष के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, "डॉ. सम्पूर्णानंद इस देश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री थे, जिन्होंने सैनिक स्कूल की स्थापना के बारे में सोचा। उन्होंने यह जरूर अनुभव किया होगा कि देश का सफलतापूर्वक संचालन करने के लिए अनुशासन जरूरी है। उनके मन में यही बात रही होगी कि नागरिक को अनुशासित किए बिना देश को विकास के रास्ते पर नहीं लाया जा सकता।"



राष्ट्रपति कोविंद और उनकी पत्नी सविता कोविंद के अलावा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी और सैनिक स्कूल के पूर्व छात्र लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ल देश के पहले सैनिक स्कूल कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय सैनिक स्कूल के हीरक जयन्ती वर्ष के समापन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने डॉ. सम्पूर्णानंद की 20 फुट उंची प्रतिमा का अनावरण किया। इसके अलावा इस मौके पर डॉ. सम्पूर्णानंद प्रेक्षागृह का लोकार्पण, कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल, लखनऊ की क्षमता दोगुनी किए जाने की परियोजना, बालिका छात्रावास का शिलान्यास और डाक टिकट का विमोचन किया गया। कोविंद उत्तर प्रदेश के तीन शहरों लखनऊ, गोरखपुर और अयोध्या के चार दिवसीय दौरे पर बृहस्पतिवार को यहां आये। उन्होंने शुक्रवार को अपने संबोधन में शिक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के आगे बढ़ने में राज्यपाल, मुख्यमंत्री और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह देश का प्रथम सैनिक स्कूल है जिसने बेटियों के लिए भी सबसे पहले अपने दरवाजे खोले हैं। राष्ट्रपति ने कहा, "कैप्टन मनोज पांडेय ने करगिल में शहादत दी और मैं पिछले तीन वर्ष से वहां जाकर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करना चाह रहा हूं। मैं इस वर्ष दशहरे पर करगिल जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करूंगा।" उन्होंने कहा, "मैं इस देश का राष्ट्रपति होने के साथ एक संवेदनशील नागरिक भी हूं। मेरे कार्यक्रम में बहुत पहले से यातायात बाधित होने से असुविधा होती है।" कोविंद ने सुझाव दिया कि उनके कघफिले के निकलने के दस मिनट पहले यातायात रोका जाए और आवश्यकता होने पर एंबुलेंस को निकाल दिया जाए। राज्यपाल पटेल ने राष्ट्रपति एवं उनकी पत्नी का स्वागत किया और कहा कि डॉ. सम्पूर्णानंद ने प्रथम सैनिक स्कूल की स्थापना कर उत्तर प्रदेश का मान बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इस संस्थान में प्रशिक्षित बालिकाएं देश की सुरक्षा मेंअपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगी। इस दौरान मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि डॉ. सम्पूर्णानंद ने देश के इस पहले सैनिक स्कूल की स्थापना की और आज देश में सैनिक स्कूलों की लम्बी श्रृंखला है। योगी ने कहा कि वर्ष 2018 में इस सैनिक स्कूल ने बालिकाओं के प्रवेश का फैसला किया और अब देश के सभी सैनिक स्कूलों में बालिकाओं का प्रवेश अनिवार्य कर दिया गया है। गौरतलब है कि एक जनवरी, 1891 को वाराणसी में जन्मे सम्पूर्णानंद 28 दिसंबर, 1954 से छह दिसंबर, 1960 तक दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा 1962 से 1967 तक राजस्थान के राज्यपाल रहे। उन्होंने शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान दिया। उन्होंने 15 जुलाई, 1960 को लखनऊ में देश के पहले सैनिक स्कूल की स्थापना की थी। बाद में इसका नाम करगिल युद्ध के शहीद और इसी स्कूल के छात्र कैप्टन मनोज कुमार पांडेय के नाम पर रखा गया। कैप्टन पांडेय को सेना के सर्वोच्च वीरता सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

## पैसे लेकर टिकट नहीं देती बसपा, पहले अपना घर ठीक करे कांग्रेसः मायावती



उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती ने आज कांग्रेस की बुकलेट पर पलटवार किया है। मायावती ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह पहले अपना घर ठीक करें। बसपा को बदनाम करने की कोशिश ना करें। बसपा पैसे लेकर टिकट नहीं देती है। कांग्रेस को अपना घर देखना चाहिए। मायावती ने कहा कि देश में बीएसपी अकेली ऐसी पार्टी है जो कांग्रेस और अन्य पार्टियों की तरह अपने संगठन को चलाने और चुनाव लड़ने के लिए भी बड़े—बड़े पूंजीपतियों और धन्नासेठों से आर्थिक मदद नहीं लेती है, न ही इसके एवज में उन्हें राज्यसभा आदि में भेजती है। कांग्रेस दिहाड़ी मजदूरों को अपनी राजनीतिक रैलियों में लाने के लिए भुगतान करती है, जो देश में कांग्रेस के मतदाता आधार की स्थिति को दर्शाता है। उन्हें यूपी जैसे राज्यों में चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार भी नहीं मिल रहे हैं, इसलिए वे लोगों को चुनाव लड़ने के लिए पैसे देते हैं।

## नवजोत सिंह सिद्धू के सलाहकार मलविंदर माली ने दिया इस्तीफा, बयानों की वजह से विवादों में थे

चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू के सलाहकार मलविंदर माली ने पद से इस्तीफा दे दिया है। आपको बता दें कि मलविंदर माली ने एक पत्र लिखकर अपना इस्तीफा सौंपा है। उन्होंने कहा कि मैं पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू को सुझाव देने के लिए दी गई अपनी सहमति वापस लेता हूं। हाल ही में नवजोत सिंह सिद्धू के दो सलाहकारों ने विवादित टिप्पणी की थी। जिसके बाद राजनीति गर्मा गई। इस मामले को लेकर पंजाब कांग्रेस प्रभारी हरीश रावत ने कहा था कि ये लोग पार्टी द्वारा नियुक्त नहीं किये गये हैं, लेकिन अगर दोषी पाये जाते हैं, तो उचित कार्रवाई की जाएगी।



## मथुरा में जन्माष्टमी की तैयारियां जोरों पर, कोविड-19 नियमों के पालन के बीच मनाए जाएंगे त्योहार

मथुरा। मथुरा में श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव इस वर्ष 29 से 31 अगस्त तक धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए जिले में इन दिनों हर घर, बाजार, मंदिर को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। पिछले साल कोरोना वायरस संक्रमण के चलते लॉकडाउन के बीच ही यह त्योहार मनाया गया था। इस बार भी कोविड—19 नियमों के पालन के बीच त्योहार मनाए जाएंगे। समूचे ब्रज क्षेत्र में कृष्ण जन्मोत्सव को धूम धाम से मनाने की तैयारियां चल रही हैं। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान मंदिर परिसर में सबसे ज्यादा श्रद्धालु आते हैं। नन्दगांव में नन्दीश्वर पहाड़ी पर स्थित नन्दबाबा मंदिर में भी श्रावण पूर्णिमा से ही श्रीकृष्ण जन्म की बधाइयों का दौर शुरू हो गया है। नन्दभवन के सेवायत ब्रजेंद्र शरण गोस्वामी ने बताया कि इस बार सभी जगह एक ही दिन कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 30 अगस्त को जन्माष्टमी और 31 अगस्त को नन्दोत्सव मनाया जाएगा। श्रीकृष्णोत्सव—2021 को भव्य और दिव्य बनाने के लिए प्रशासन और नगर निगम मिल—जुल कर तैयारियां कर रहे हैं। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में सैकड़ों लोक कलाकार भी भाग लेंगे। सुरक्षा के हिसाब से श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर सहित पूरे नगर को तीन जोन और 16 सेक्टर में बांटकर व्यापक व्यवस्था की गयी है। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर ने बताया कि जन्मस्थान परिसर को 'रेड जोन' घोषित करते हुए उसे भी 'ए' और 'बी' जोन में विभाजित किया गया है। संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इसी प्रकार, वृन्दावन के ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में भी व्यवस्था बनाए रखने के लिए श्रद्धालुओं को एक तरफ से प्रवेश कराया जाएगा तो दूसरी ओर से निकास की व्यवस्था रहेगी।



## टीएस सिंह देव को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं राहुल गांधी ! क्या भूपेश बघेल की होगी विदाई ?

रायपुर। छत्तीसगढ़ में नेतृत्व संकट गहराता जा रहा है। क्या भूपेश बघेल से इस्तीफा मांगा जा सकता है ? ऐसा सवाल राजनीतिक गलियारों में छाया हुआ है। हालांकि हम आपको बता दें कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, भूपेश बघेल की जगह पर टीएस सिंह देव को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक राहुल गांधी छत्तीसगढ़ में ढ़ाई—ढ़ाई साल तक के फॉर्मूले का समर्थन कर रहे हैं। इसके मुताबिक भूपेश बघेल का ढ़ाई साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है। ऐसे में टीएस सिंह देव को मुख्यमंत्री बनाने पर विचार किया जा रहा है। राहुल के साथ होगी बैठकः भूपेश बघेल ने कहा कि राहुल गांधी से मुलाकात होगी, छत्तीसगढ़ की सरकार सुरक्षित है और हमारे साथ 70 विधायक हैं। आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया के यहां पर पार्टी के 40 विधायक पहुंचे हैं। जहां पर वह प्रदेश की स्थिति के बारे में चर्चा करेंगे। इससे पहले विधायक देवेंद्र यादव ने बताया था कि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व में हम लगातार प्रदेश की जनता की सेवा कर रहे हैं। आलाकमान से यहां कि स्थति के बारे में बात करेंगे। सारे विधायक एकजुट हैं। बता दें कि राहुल गांधी शुक्रवार की शाम 4 बजे भूपेश बघेल और टीएस सिंह देव से मुलाकात करने वाले हैं। इस मुलाकात पर सभी की निगाह टिकी हुई है। क्योंकि इसी मुलाकात में छत्तीसगढ़ कांग्रेस की आगे की रणनीति तय होगी। वहीं, सोनिया गांधी के साथ भी बैठक की संभावना जताई जा रही है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने निशाना साधते हुए कहा कि जिस तरह से भूपेश बघेल के आने पर रायपुर हवाई अड्डे पर नारे लगे कि छत्तीसगढ़ अड़ा है, भूपेश के साथ खड़ा है, तो सोचने वाली बात है कि क्या छत्तीसगढ़ के लोग पहले नहीं खड़े थे? यह चुनौती किसे दी जा रही है भाजपा को या कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व को। दरअसल, साल 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस की तरफ से भूपेश बघेल और टीएस सिंह देव मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार थे। लेकिन चुनाव जीतने के बाद पार्टी ने भूपेश बघेल को सत्ता सौंप दी और फिर ढ़ाई—ढ़ाई साल वाला फॉर्मूला सामने आया। कहा गया कि ढ़ाई साल बाद टीएस सिंह देव को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है।



## बांग्लादेश के विमान चालक को आया हार्ट अटैक, नागपुर में कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

नागपुर। बिमान बांग्लादेश के मस्कट से ढाका जा रहे एक विमान के चालक को शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद आपात स्थिति में विमान नागपुर में उतारना पड़ा। हवाईअड्डे के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस बोइंग विमान में 126 यात्री सवार थे। विमान को पूर्वाह्न 11 बजकर 40 मिनट पर आपात स्थिति में उतारा गया और विमान चालक को एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि जब विमान को आपात स्थिति में उतारने के लिए कोलकाता एटीसी से संपर्क किया गया, उस समय वह रायपुर के पास था, जिसके बाद उसे निकटतम नागपुर हवाईअड्डे पर उतरने की सलाह दी गई। बिमान बांग्लादेश ने हाल में भारत के लिए उड़ान सेवाओं को फिर से शुरू किया है। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण दोनों देशों के बीच हवाई यात्रा सेवा निलंबित थी।






## पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने राजनीतिक दल बनाने की घोषणा की

लखनऊ। उत्तर प्रदेश काडर के पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि वह जल्द ही एक नई राजनीतिक पार्टी बनाएंगे। ठाकुर को समय से पहले ही सरकार ने अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी थी और उन्होंने अगले वर्ष की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। अमिताभ ठाकुर ने यहां कहा कि अपने समर्थकों और शुभचिंतकों से विचार—विमर्श करने के बाद उन्होंने एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने का फैसला किया है। ठाकुर ने कहा कि पार्टी बनाने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी और उनके नए संगठन का प्रस्तावित नाम 'अधिकार सेना' होगा। ठाकुर ने कहा कि उन्होंने अपने समर्थकों से पार्टी के उद्देश्य, मिशन और संरचना के साथ नाम सुझाने का भी अनुरोध किया है। इस महीने की शुरुआत में, ठाकुर की पत्नी नूतन ने घोषणा की थी कि वह (अमिताभ ठाकुर) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। नूतन ने आरोप लगाया था, श्री आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कई अलोकतांत्रिक, अनुचित, दमनकारी, परेशान करने वाले और भेदभावपूर्ण कदम उठाए, इसलिए आदित्यनाथ जहां से भी चुनाव लड़ेंगे, वहां से अमिताभ उनके खिलाफ अवश्य ही चुनाव लड़ेंगे।" उन्होंने कहा था, यह उनके लिए सिद्धांतों की लड़ाई है और वह गलत कामों का विरोध करेंगे।" केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा लिए गए एक निर्णय के बाद ठाकुर को 23 मार्च को जनहित में अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी गई थी।



केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक आदेश में ठाकुर के बारे में कहा गया था कि उन्हें अपनी सेवा के शेष कार्यकाल के लिए बनाए रखने के लिए उपयुक्त नहीं पाया गया। ठाकुर का कार्यकाल 2028 में पूरा होने वाला था। ठाकुर ने 2017 में केंद्र से अपना काडर राज्य बदलने का आग्रह किया था। समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह पर उन्हें धमकी देने का आरोप लगाने के कुछ दिनों बाद अधिकारी को 13 जुलाई 2015 को निलंबित कर दिया गया था। हालांकि केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण ने अप्रैल 2016 में उनके निलंबन पर रोक लगा दी और 11 अक्टूबर 2015 से पूरे वेतन के साथ उनकी बहाली का आदेश दिया था।

# घाघरा की उफान ने बांध की कटान कम होने का नाम नही

करनैलगंज(गोंडा)। घाघरा के उत्पाती पानी से बांध की कटान कम होने का नाम नही ले रही है। एक तरफ नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बाढ़ के खौफ से लोगों में दहशत का माहौल है। वहीं विभिन्न बिराजो से दो दिनों के भीतर छोड़े गए करीब 6 लाख क्यूसेक पानी की आमद शुरू हो गई है। जिससे घाघरा का जलस्तर अगले दो दिनों में चेतावनी बिंदु से दो फिट ऊपर जाने की संभावना बन गई है। जिससे बांध पर खतरों के बादल मंडराने लगे हैं। एल्गिन चरसडी बांध की मानो सामत आ गई है। एक तरफ कट रहे बांध को बचाने की जद्दोजहद तेजी से चल रही है वहीं कटान स्थल पर बांध को मजबूत करने के लिए पत्थर एवं बोल्डर लगाकर उसे मजबूत किया जा रहा है। तो दूसरी तरफ नदी उस स्थान से हटकर दूसरे स्थान पर नदी बांध के किनारे सट कर कटान करने लगी है।

एल्गिन चरसडी बांध से करीब 400 मीटर से अधिक दूरी पर नदी के धारा थी। जो अचानक मुड़कर बांध के समीप आ गई हैं और कटान करने लगी है। ग्राम चन्दापुर किटोली के मजरा सियाराम पुरवा के सामने बांध में हो रही कटान को रोकने के लिए पिछले 5 दिनों से लगातार एसडीएम और सिंचाई विभाग के अधिकारी डेरा जमाए हुए हैं। वहां पर बांध को मजबूती देने का कार्य तो चल ही रहा है। वहीं उस स्थान से 500 मीटर की दूरी पर बनाए गए स्पर के बीच नदी की धारा बांध के नजदीक पहुंच चुकी है। जो बांधा को कभी भी कटान की जड़ में ला सकती है। नदी का जलस्तर सुबह तक खतरे के निशान से 8 सेंटीमीटर ऊपर चल रहा था और दोपहर बाद अचानक पानी बढ़ने लगा और छोड़े गए विभिन्न बैराजों से करीब साढ़े तीन लाख क्यूसेक पानी की आमद शुरू हो गई थी। भी करीब साढ़े तीन लाख क्यूसेक पानी तीन अलग अलग बैराजों से छोड़ा गया है। जिसकी आमद शुक्रवार को शुरू होगी। ऐसी स्थिति में घाघरा नदी खतरे के निशान 106.07 के साफेक्ष नदी का जलस्तर करीब 2 फीट ऊपर जाने की संभावना बन गई है। जिससे बांध के अन्य स्थानों पर भी खतरा पैदा हो गया है। मौके पर उप जिलाधिकारी हीरालाल, सिंचाई विभाग के एक्सईएन, एई एवं जेई लगातार बांध पर बने हुए हैं और जेसीबी व पोकलैंड मशीनों से बांध की मरम्मत का कार्य चलाया जा रहा है। एसडीएम हीरालाल ने बताया कि लगातार बांध पर कैंप करके निगरानी की जा रही है। जहां पर बांध में कटान हो रही थी वहां बांध को मजबूत कर लिया गया है और बांध को सुरक्षित करने का कार्य युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है।

# दहेज न देने पर ससुराल वालों ने युवती को मारा पीटा,युवती ने पांच लोगों के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

गोण्डा। मसकनवा में दहेज न देने पर ससुराल वालों ने एक युवती को मारा पीटा और जलाने की धमकी देकर तलाक देकर घर में करीब दो महीने तक बंधक बनाकर शारिरिक शोषण करते रहे। मौका पाकर विवाहिता ने मायके वालों को फोन से सूचना दी।सूचना पाकर मायके वाले युवती के ससुराल जाकर काफी मान मनौव्वल किया लेकिन ससुराल वाले नही माने। मजबुर होकर विवाहिता ने थाना छपिया में तहरीर देकर ससुराली जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। नूरशबा पुत्री रईस अहमद शीतलगंज थाना छपिया पुलिस ने तहरीर दी, उसकी शादी 2017 को मुस्लिम रीत रिवाज के साथ फारूक अहमद पुत्र मोहम्मद यूनुस मोहल्ला सुभाष नगर उतरौला जनपद बलरामपुर के साथ हुआ था। पीड़िता के पिता ने अपने हैशियत के अनुसार दान दहेज दिया था। शादी के बाद ससुराली दहेज के रूप में तीन लाख रुपये की मांग करने लगे, जब पीड़िता ने मना किया कि मेरे पिता गरीब है। अतिरिक्त दहेज नही दे सकते तो ससुराल वालो ने पीड़िता को मारते पीटते,शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित करने लगे। पीड़िता के पिता ने रिश्तेदारों व पंचायत के माध्यम से लड़के वाले को समझाने की कोशिश की लेकिन ससुराल वाले नही माने। उसके बाद 4 मई को ससुराल वालों ने पीड़िता को मारा पीटा एवं तलाक दे दिया। और पीड़िता को जबरन घर में ढाई माह तक बंधक बनाए रखकर नौकरानी की तरह घरेलू कार्य कराया। और शारीरिक शोषण करते रहे। पीड़िता ने किसी तरह से मौका पाकर पिता को फोन से सूचना दी। और पिता के साथ जान बचाकर मायके आई। पिता ने पुनः बेटी का घर बसाने की कोशिश की लेकिन ससुराल वाले नही माने। कहा अब तो तुम्हारी बेटी की तलाक भी दे दिया। अंततः मजबूर होकर कानून का सहारा लेना पड़ा। पीड़िता के तहरीर पर फारूक अहमद पुत्र मोहम्मद यूनुस, मोहम्मद यूनुस पुत्र मंसफ अली, जमीला बानो पत्नि मोहम्मद यूनुस, मैमुना पुत्री मोहम्मद यूनुस, मोहम्मद गुलाम पुत्र मोहम्मद यूनुस मोहल्ला सुभाष नगर उतरौला जनपद बलरामपुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित अन्य मामलों में मुकदमा दर्ज कराया। एसओ छपिया ने बताया कि पीड़िता के तहरीर पर पाँच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। और विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सुबह घर से पढ़ाई करने के लिए स्कूल बैग लेकर साइकिल से निकला 13 वर्षीय बालक हुआ लापता

करनैलगंज(गोंडा)। सुबह घर से पढ़ाई करने के लिए स्कूल बैग लेकर साइकिल से निकला 13 वर्षीय बालक लापता हो गया। इस सम्बंध में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बच्चे के लापता होने का मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गई है। मामला करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत करनैलगंज ग्रामीण के बरवलिया कलहंसन का है। यहां के निवासी रमेश कुमार सिंह द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया गया कि उनका लड़का उज्जवल प्रताप सिंह 13 वर्ष ..सुबह करीब 5 बजे स्कूल बैग व साइकिल लेकर घर से निकला था। काफी देर तक घर वापस नहीं आया तो उसकी खोजबीन शुरू कराई गई। सभी रिश्तेदारों सगे संबंधियों व परिचितों में खोजबीन के बाद जब उसके बारे में कोई सुराग नहीं मिला। तो स्थानीय कोतवाली में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की गई दी गई। तहरीर में उज्जवल घर से कुछ पैसे भी लेकर निकला था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है और बालक की तलाश तेज कर दी है। उधर बच्चे की तलाश में परिजनों ने शोसल मीडिया पर 50 हजार का इनाम भी घोषित कर दिया है। कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही बरामदगी होने की संभावना है।

# 2022 का विधानसभा चुनाव सपा के लिए अहमः पवन पाण्डेय

## विधानसभा तैयारियों का जायजा लेने 3 को आयेंगे सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल

अयोध्या। विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। विधानसभा तैयारियों का जायजा लेने 3 सितंबर को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल भी यहां पहुंच रहे हैं ।आज पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन के आवास कृष्णापुर पूरा बाजार पर आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों और प्रदेश अध्यक्ष के दौरे को लेकर एक अहम बैठक आहूत की गई ।बैठक में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने बूथ प्रभारियों और सेक्टर प्रभारियों को टिप्स देते हुए कहा कि चुनाव को जीतने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा इसके साथ ही बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को मजबूती दे कर ही सफलता पाई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम जोड़ने की प्रक्रिया में और तेजी लानी होगी जितना ज्यादा से ज्यादा हो सके मतदाताओं की मदद करते हुए उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराएं। श्री पांडे ने कहा कि आने वाला विधानसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के लिए बेहद अहम है, प्रदेश में इन दिनों समाजवादी पार्टी की लहर चल रही है ऐसे में अगली विधानसभा का दायित्व पूर्व मुख्यमंत्री व सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को निभाना है, इसकी तैयारियों में कार्यकर्ता जुट जाएं। सपा जिला उपाध्यक्ष अयोध्या विधानसभा प्रभारी मनोज जायसवाल ने इस मौके पर कहा कि कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर प्रत्येक विधानसभा में घर–घर पहुंचकर समाजवादी पार्टी की नीतियों व रीतियों को लोगों तक पहुंचाना होगा तभी सफलता मिल सकेगी।

जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन के आवास पर हुई बैठक में बड़ी तादाद में कार्यकर्ताओं ने शिरकत किया ।कार्यकर्ताओं को पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने जीत का मंत्र देते हुए बताया कि आने वाला विधानसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के लिए कितना अहम है कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा शिवबरन यादव पप्पू ने किया व संचालन पूर्व प्रधान गयादीन यादव ने किया ।इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष व अयोध्या विधानसभा प्रभारी मनोज जायसवाल प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव महासचिव गोपीनाथ बर्मा ब्लॉक अध्यक्ष तरजीत गौड जगदीश यादव आशीष पांडे फरमान खान जाबिर खान प्रधान नंदकुमार यादव संतोष निषाद सुरेंद्र निषाद श्याम कुमार प्रदीप यादव सूबेदार यादव राकेश वर्मा नितिन यादव संग्राम सिंह पटेल निर्मल वर्मा विनय वर्मा मुन्ना लाल वर्मा रामसुख चौरसिया वीरेंद्र कुमार वर्मा बंसराज चौरसिया रमेश गौड़ मोहम्मद यासीन राजकुमार वर्मा शिवकुमार रंजन मोहम्मद इलियास अजय चौधरी राघव राम वर्मा अजीत वर्मा आदि लोग मौजूद रहे ।

## दुर्व्यवहार से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने एडीओ विरुद्ध कार्रवाई की मांग

करनैलगंज(गोंडा)। अधिवक्ता के साथ एडीओ सहकारिता द्वारा किये गये दुर्व्यवहार से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने बैठक करके उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इसी क्रम में शुक्रवार को न्यायिक कार्य से विरत रहने का भी निर्णय लिया गया। करनैलगंज तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण कुमार मिश्र के साथ विकास खण्ड करनैलगंज के सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) विजय मिश्र द्वारा किये गये दुर्व्यवहार की सूचना पाते ही अधिवक्ता आक्रोशित हो गये और बार एसोसिएशन अध्यक्ष संजय मिश्र की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक में एडीओ सहकारिता द्वारा शासकीय कार्यों के प्रति उदासीनता और लापरवाही बरतने तथा वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ किये गये दुर्व्यवहार की निंदा की गयी। बैठक में पारित प्रस्ताव में एडीओ सहकारिता को उनके पटल के समस्त कार्यों से निष्क्रिय करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की अनुशंसा करने की मांग की गयी। बैठक में पारित प्रस्ताव का क्रियान्वयन न होने तक विरोध करते रहने तथा शुक्रवार को न्यायिक कार्य से विरत रहने का भी निर्णय लिया गया। इस मौके पर तहसील के तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रपति के आगमन पर रामलला को पहनाने के लिए भेंट की पोशाक

अयोध्या। रामादल ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित कल्कि राम ने श्रीराम जन्म भूमि के मुख्य पुजारी सत्येन्द्र दास को उनके सत्यधाम मन्दिर पर पहुँचकर 29 अगस्त को राष्ट्रपति के आगमन पर श्रीराम लला को पहनाई जाने वाली विशिष्ट पोशाक का दो सेट व दर्शन पूजन के उपरान्त विजय पताका और धर्म ध्वज के साथ श्री रामचरितमानस का ग्रन्थ भेंट करने के लिए अर्पित किया। रामादल अध्यक्ष पण्डित कल्किराम ने बताया कि देश के इतिहास मे पहली बार धर्म नगरी अयोध्या मे श्री राम लला का दर्शन पूजन करने आ रहे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का आगमन सनातन समाज को गौरवान्वित करने वाला क्षण है और इसे ऐतिहासिक बनाने के साथ–साथ पूरे देश को विश्व भूमण्डल के कोने–कोने मे रह रहे सभी सनातनी भाई बहनो को इसका आध्यात्मिक लाभ मिले इसके लिए श्रीरामचरितमानस का ग्रन्थ और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमन्त्री नरेन्दर दामोदरदास मोदी के प्रयासों की शत–प्रतिशत सफलता सुनिश्चित हो, सम्पूर्ण विश्व में सनातन धर्म का वर्चस्व सशक्त रूप से स्थापित हो इसके लिए श्रीराम जन्म भूमि मन्दिर के शीर्ष पर परम्परागत रूप से फहराया जाने वाला धर्म ध्वज और विजय पताका का एक–एक सेट भेंट करने के लिए मुख्य पुजारी को दिया गया अगले ही दिन पड़ रहे 30 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के महान पर्व पर उत्तर प्रदेश मे योगी आदित्यनाथ को पुनः मुख्यमन्त्री के रूप मे विजय की प्रार्थना के साथ श्रीराम लला को पहनाई जाने वाली नवीन पोशाक अर्पित कर मुख्य पुजारी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर रामादल के मुख्य अर्चक हरिओम पाठक भी उपस्थित रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री की श्रद्धांजलि सभा मे वक्ताओं ने किया पुष्प अर्पित

सोहावल–अयोध्या। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राम मंदिर आंदोलन के शीर्ष नेताओं में शामिल कल्याण सिंह की मौत पर दी जा रही श्रद्धांजलि कार्यक्रमो का सिलसिला थम नहीं रहा है। ग्राम पंचायत से लेकर प्रदेश स्तर तक ऐसे कार्यक्रमों की झड़ी लगी है। वृहस्पतिवार को विकास खण्ड सोहावल के माँ ज्वाला देवी के प्रांगण में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में वक्ताओं ने पुष्पांजलि देते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। हिंदूवादी नेता मिंटू सिंह के संयोजन में आयोजित इस समारोह में बोलते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय खुन्नू ने कहा हिन्दू हृदय सम्राट स्व0 कल्याण सिंह के रोम रोम में भगवान राम बसे थे। राम मंदिर आंदोलन के बड़े नेताओं में शामिल कल्याण जी का जीवन हिंदुत्व व राम मंदिर के लिए समर्पित था। इनकी क्षति अपूर्णीय है।पूर्व जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि मिंटू सिंह ने परिवार का मुखिया बता कर शोक सम्बेदना ब्यक्त किया और कहा राम भक्त कल्याण सिंह ऐसे मुख्य मंत्रियों में शामिल रहे। जिनका जीवन सिर्फ हिंदुत्व व लोक कल्याण के लिए समर्पित रहा है। कप्तान तिवारी ने कहा कि सत्य और धर्म के पुजारी रहे पूर्व सीएम कल्याण का ब्यक्तित्व और कृतित्व अनुकरणीय है। हिन्दू समाज सदा इनका ऋणी रहेगा। संबोधन करने वाले लोगों में गिरजेश त्रिपाठी अरुण तिवारी जगदम्बा मिश्र शामिल रहे तो मौजूद लोगों में धर्मेंद्र सिंह शशांक सिंह सुरेंद्र कुमार भीम सिंह सरल सिंह अखिल सिंह व मोनू अंकित आदि बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

## शौच के लिए गये व्यक्तिकी तालाब में डूबकर हुई मौत

करनैलगंज(गोंडा)। देर शाम शौच के लिए गये व्यक्ति की तालाब में डूब जाने से मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गोंडा भेज दिया है। क्षेत्र के ग्राम नकार निवासी जगदम्बा (48) पुत्र कन्हैयालाल रात को लगभग आठ बजे शौच के लिए घर के पास स्थित तालाब पर गया हुआ था। काफी देर तक उसके न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू कर दी मगर उसका कहीं पता न चला। .सुबह इसकी सूचना जगदम्बा की पत्नी फूल कुमारी ने चचरी पुलिस चौकी पर दी। सूचना पाकर पुलिस चौकी प्रभारी बृजेश कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये और जगदम्बा की तलाश शुरू कर दी। गोताखोरों की मदद से उन्होंने तालाब में भी खोजने का काम शुरू कराया। जिस पर कुछ ही देर बाद जगदम्बा की लाश बरामद हुई। अनुमान लगाया जा रहा है की पैर फिसलने के कारण वह तालाब में गिर गया और डूब जाने से उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने पंचनामा करके शव को पोस्टमार्टम के लिए गोंडा भेज दिया है।

# जनपद के सभी वर्गों से मुलाकात व उनकी राय संकलित करेगी कांग्रेस

## 2022 के चुनावी घोषणा पत्र में जायज मांगो को किया जायेगा शामिल

अयोध्या। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की घोषणापत्र समिति (मेनिफेस्टो कमेटी) आगामी 28 अगस्त को अयोध्या पहुंच रही है जो जन सामान्य के सभी वर्गों से मिलकर उनसे रूबरू होगी एवं 2022 विधानसभा चुनाव हेतु उनकी राय क्या है संकलित करके शीर्ष नेतृत्व को भेजेगी जिसे विधानसभा चुनाव 2022 घोषणा पत्र में उनकी जायज मांगों को सम्मिलित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम को अंतिम रूप प्रदान करने हेतु वरिष्ठ कांग्रेसजनों की तैयारी बैठक पार्टी कार्यालय कमला नेहरू भवन में की गई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव व संचालन प्रवक्ता मोहम्मद शरीफ ने किया। बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्षध्पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री,अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव रोहित चौधरी,प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने उपस्थित कांग्रेसजनों से चर्चा कर आवश्यक दिशा–निर्देश देखकर सभी की जिम्मेदारी सुनिश्चित कर होने वाले कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया। प्रवक्ता मोहम्मद शरीफ ने बताया दिनांक 28 अगस्त को उत्तर प्रदेश कांग्रेस घोषणा पत्र समिति चेयरमैन पूर्व मंत्री सलमान खुर्शीद के नेतृत्व में प्रातः 10:00 रुदौली विधानसभा के रानी मऊ में किसान चौपाल कर किसानों से रूबरू होगी एवं उनकी राय लेगी,बीकापुर विधानसभा के ग्राम कटरौली में अनुसूचित जाति की महिलाओं की चौपाल आयोजित कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उनसे संवाद कर उनकी राय लेगी तत्पश्चात होटल शाने अवध में दिन में 12:00 बजे से सभी वर्गों के प्रतिनिधि मंडलों और जन सामान्य से मुलाकात कर उनकी राय लेकर 2022 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव घोषणा पत्र में उनकी हर जायज मांगों को सम्मिलित करेगी तत्पश्चात 4:00 प्रेस के सम्मानितजनों से मुखातिब होकर प्रेसवार्ता करेंगे। जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनपद के सभी वर्ग के लोगों,आम नागरिकों,बजुर्गों, महिलाओं,युवाओं,मजदूर भाइयों से अपील है कि दिन में 2:00 बजे होटल शाने अवध पहुंचकर समिति से मिलकर कांग्रेस घोषणा पत्र अपनी जनहित बातों को शामिल कराने हेतु अपनी राय दे। बैठक में प्रमुख रूप से एआईसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह,उग्रसेन मिश्रा,प्रदेश सचिव सुनील पाठक,पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा,महिला कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मधु पाठक,किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश यादव,जिला उपाध्यक्ष वेद सिंह कमल,रामनरेश मौर्य,महानगर उपाध्यक्ष उमेश उपाध्याय,पूर्व सैनिक विभाग के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सैनिक,अब्दुल हकीम,अजीत वर्मा,प्रवीण श्रीवास्तव,भीम शुक्ला,अजमल खलील,फिरोज अंसारी,बलबीर सिंह कोरी,राघवेन्द्र प्रताप सिंह आदि कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

## यूथ हॉस्टल के 112वें स्थापना दिवस पर हुई हेरिटेज वॉक

अयोध्या। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साहसिक क्रियाकलापों को प्रोत्साहन देने वाली संस्था यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ने 112वां स्थापना दिवस पर साकेत इकाई,अयोध्या द्वारा गुप्तारघाट में हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। आज ही के दिन सन 1909 में जर्मन स्कूल शिक्षक सर रिचर्ड सरमन ने जर्मनी में यूथ हॉस्टल्स आंदोलन प्रारंभ किया था। इस सम्बंध में अधिक जानकारी देते हुए इकाई सचिव अनुज भज्जा ने बताया कि प्रति वर्ष स्थापना दिवस पर साकेत इकाई द्वारा आयोजन किये जाते जाते है। इस वर्ष घूमने के लिए जाने वाले पर्यटकों की भी मदद की जाएगी जिससे कम से कम खर्च में अधिक से अधिक जगह घूमा जा सके। हेरिटेज वॉक का संयोजन प्रदेश उपाध्यक्ष एवं इकाई चौयरमैन अनूप मल्होत्रा ने किया। हेरिटेज वॉक का प्रारंभ निर्मली कुण्ड से श्रीरामसीता मंदिर, गुप्तारघाट, मीरनघाट, कम्पनी बाग,मरी माता मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर ,सरयू नदी आदि का भ्रमण किया गया। इससे पूर्व इकाई अध्यक्ष अनुराग वैश्य ने सभी प्रतिभागियों को यूथ हॉस्टल की कैप भेंट की। हेरिटेज वॉक में डॉ विशाल श्रीवास्तव,आशीष महेन्द्रा,नवनीत रस्तोगी,विवेक जैन,अनूप मल्होत्रा, नमन रस्तोगी, अनुराग वैश्य,अनुज भज्जा आदि ने प्रतिभाग किया।

## विभिन्न रंगों से टाई एण्ड डाई करने का प्रशिक्षण दिया

गोण्डा। सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली पी0जी0 कालेज गोण्डा में तीन दिवस वर्कशाप के प्रथम दिवस के आयोजन में गृहविज्ञान की छात्राओं को अनेक प्रकार की डिजाइन बना करके उन्हें विभिन्न रंगों से टाई एण्ड डाई करने का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें विभिन्न कार्य प्रणाली की चर्चा करते हुये उन्हें जागरूक किया। तत्पश्चात छात्राओं ने अपनी प्रतिभा को भी उजागर किया। जिसमें छात्राओं को स्पोकिंग इंग्लिश के माध्यम से दैनिक व्यवहार में इंग्लिश के अनेक प्रकार, स्वरूपों व एक ही स्थिति के छाटे छोटे वाक्यों को विभिन्न प्रकार से कैसे अभिव्यक्त कर सकते हैं। इसके बारे में बताया गया तथा ग्रामर व व्यवहारिक शब्द के अन्तर को स्पष्ट किया जिसका छात्राओं ने उत्साह पूर्वक बहुत गहराई से मनन चिन्तन किया और छात्राओं ने अपनी बात व्यक्त की। तृतीय चरण वाणिज्य विभाग, अर्थशास्त्र विभाग ने जी0 एस0 टी0 के बारे में विस्तार से छात्राओं को जानकारी दी।

# 31 अगस्त तक करें आवेदन

जौनपुर। उपायुक्त उद्योग,जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र ने अवगत कराया है कि प्रदेश सरकार की महत्वाकॉक्षी योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत जनपद में नाई, दर्जी, बढई, हलवाई, टोकरी बुनकर, कुम्हार, राजमिस्त्रीएवं सोनार आदि ट्रेडो में 06 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन ऑन–लाइन बेवसाइड डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट डीआईयूपीएमएसएमई डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर 31 अगस्त तक किये जा रहे हैं। आवेदक की उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो तथा आवेदक पारम्परिक कारीगर नाई, दर्जी, बढई, हलवाई, टोकरी बुनकर, कुम्हार, राजमिस्त्री एवं सोनार के क्षेत्र में कार्य करता हो। चयनोपरान्त लाभार्थी को 06 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण तथा टूलकिट प्रदान किया जायेगा। विस्तृत जानकारी के लिये किसी भी कार्य में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र से अथवा मोबाइल नं. 9125039212 पर सम्पर्क कर सकते है।

## महंत विनोद दास सहित सौकड़ों लोगों ने थामा सपा का दामन

अयोध्या। उत्तर विधानसभा चुनाव में महज 6 महीने का वक्त बचा है, ऐसे में सूबे की सियासी सरगर्मी बढ़ती जा रही है। राजनीतिक दल अपने सियासी–सामाजिक समीकरण दुरुस्त करने में जुटे हैं तो संत महंत व नेता अपने सियासी भविष्य के लिए सुरक्षित ठिकाने तलाशने में जुट गए हैं।

सूबे में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीजेपी सत्तासीन है, लेकिन दल बदल करने वाले नेताओं का राजनीतिक ठिकाना और पहली पसंद समाजवादी पार्टी बनती जा रही है। 2022 विधानसभा चुनाव के पूर्व समाजवादी पार्टी का कुनबा बढ़ना शुरू हो गया है। इसकी कड़ी में .रामनगरी के करतलिया बाबा आश्रम के महंत समाजवादी पार्टी के एकमेव धर्माचार्य महंत बालयोगी रामदास ने सुग्रीव आश्रम के महंत विनोद दास सहित सौकड़ों लोगों को सपा का झंडा देकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। सभी ने 2022 में होने वाले विधान सभा चुनावों में समाजवादी पार्टी को बहुमत दिलाने और पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाने के लिए बूथस्तर तक सक्रिय रूप से काम करने का संकल्प दुहराया है।महंत बालयोगी रामदास ने समाजवादी पार्टी में शामिल सभी संत महंत तथा उनके साथ आए कार्यकर्ताओं का स्वागत किया तथा उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा पार्टी को इनके आने से मजबूती मिलेगी।

सुग्रीव आश्रम के महंत विनोद दास ने कहा कि आज हमारे साथ दर्जनों संत व मैनपुरी के सुमित सहित सौकड़ों लोग समाजवादी पार्टी में शामिल हुए है। सपा ही ऐसा दल है जिसमे कार्यकर्ताओं का मान सम्मान हमेशा बना रहता है। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग 2022 के चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

## वृक्षारोपण जन आदोलन के अंतर्गत रक्षासूत्र कार्यक्रम का आयोजन

कटरा बाजार। कटरा बाजार रेंज द्वारा वृक्षारोपण जन आदोलन के अंतर्गत रक्षासूत्र कार्यक्रम का आयोजन ब्रम्हचारी स्थल उमरिया मे किया गया। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों ने वृक्षों को अधिक से अधिक लगाने व उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया गया। इस मौके पर डिप्टी रेंजर महेंद्र जायसवाल, राम बहादुर सहित वन विभाग के कर्मचारी व कई गणमान्य मौजूद रहे।

# केवी के सोहना में आजादी का अमृत महोत्सव को लेकर गोष्ठी का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश
भनवापुर/सिद्धार्थनगर।



आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. ओम प्रकाश ने मानव जीवन में खाद्य एवं पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ डीपी सिंह ने पशुओं से प्राप्त होने वाले उत्पादों के पोषकीय गुणों को साझा। कृषि वैज्ञानिक डा. प्रदीप कुमार ने केंद्र पर संचालित परियोजनाओं डीबीटी बायोटेक किसान हब, फसल अवशेष प्रबंधन व सूक्ष्मजीवों की सहायता से त्वरित कंपोस्टिंग तकनीकी से खाद बनाने के बारे विस्तार से बताया। कृषि वैज्ञानिक डॉ एस एन सिंह ने कृषि मौसम सेवा इकाई के बारे में बात करते हुए जैविक खेती अपनाने की सलाह दी।

नीलम सिंह ने महिलाओं को अच्छे स्वास्थ्य एवं पोषण के लिए विभिन्न भोज्य पदार्थों व फलों एवं सब्जी का पोषण में महत्व तथा फल प्रसंस्करण पर जानकारी साझा किया। मौसम विशेषज्ञ सूर्य प्रकाश सिंह ने मौसम के बदलाव के बारे में जागरूक करते हुए ग्रामीण कृषि मौसम सेवा के बारे में विस्तृत चर्चा की। किसानों में विक्रम प्रसाद को देवी प्रसाद तिवारी शत्रुघ्न तिवारी विजय बहादुर यादव भरत त्रिपाठी बबलू राम बहादुर आदि मौजूद रहे।

# बुद्ध चौरिटेबल ट्रस्ट के नाम पर अवंटन हुआ निरस्त,बनेगा गेस्टहाउस

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा बुद्ध चौरिटेबल ट्रस्ट को आवंटित जिला पंचायत के भूखंड पर बने भवन को खाली करने का आदेश दे दिया गया है आपको बता दें कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के कार्यकाल में डुमरियागंज में जिला पंचायत के भूखंड को बुद्ध चौरिटेबल ट्रस्ट को आवंटित कर पट्टा कर दिया गया था जिसको लेकर जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 19 के संतोष पासवान ने जिला अधिकारी एवं जिला पंचायत से शिकायत किया था जिसको संज्ञान में लेकर जिला अधिकारी एवं जिला पंचायत विभाग द्वारा गठित की गई संयुक्त जांच टीम की जांच में आरोप सही पाया गया जिसको लेकर बुद्ध चौरिटेबल ट्रस्ट के मुखिया रामजीवन को 07 दिनों के अंदर भवन खाली करने का आदेश दिया गया था लेकिन समय सीमा समाप्त होने के बाद भी भवन ना खाली करने पर एसडीएम डुमरियागंज त्रिभुवन ने थाना अध्यक्ष डुमरियागंज व तहसीलदार डुमरियागंज को सख्त निर्देश देते हुए तत्काल भवन को खाली कराकर जिला पंचायत का कब्जा दिलाने का निर्देश दिया है जिसको लेकर जनपद में राजनीतिक माहौल गरम हो गया है सोशल मीडिया पर वायरल हुए अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थनगर के पत्र ने काफी हंगामा मचाया हुआ है आपको बता दें कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सपा पार्टी से रहे ,लेकिन वर्तमान में भाजपा पार्टी से जिला पंचायत अध्यक्ष चुने गए हैं शासन की माने तो सपा नेता चिंकू यादव के रिश्तेदार द्वारा डुमरियागंज में जिला पंचायत के भवन को बुद्ध ट्रस्ट के नाम पर अवैध तरीके से पट्टा करा लेने का मामला था जिसे जिला पंचायत ने निरस्त कर दिया है धरोहर दर धनराशी के रूप में 30लाख जमा किए गए थे उसे भी वापस करने का आदेश दे दिया गया है एसडीएम की माने तो उक्त भवन में अब गेस्ट हाउस स्थापित होगा।

# नेहरू युवा केन्द्र द्वारा मनाया गया अमृत महोत्सव

दैनिक बुद्ध का सन्देश
सोहास/सिद्धार्थनगर। नेहरू युवा केन्द्र सिद्धार्थ नगर युवा



कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में दिनांक 26ध08ध2021 व 27ध08ध2021को नौगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुशभौंना व गनेरा में आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य श्यामा चरण गौतम मुख्य अतिथि के रूप में उपास्थित रहे। कार्यक्रम के सर्वप्रथम में क्षेत्र के युवावो द्वारा दौड़ लगाई गयी तथा राष्ट्र्गान तत्पशचात मुख्य अतिथि द्वारा युवावो के मार्ग दर्शन में अभिभाषण किया गया। उक्त अवसर पर प्राथमिक विद्यालय के सभी वरिष्ठ अध्यापक, शिक्षा मित्र, रसोईया, ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान उपस्थित रहे जिला पंचायत सदस्य श्यामा चरण गौतम ने आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को बधाई दी और किस प्रकार आजादी दिलाने में युवावो का योगदान रहा इस विषय पर विस्तृत चर्चा की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अयोजाक राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक गोबिन्द कुमार वर्मा व दुर्गावती गौतम रही।

# जनकल्याण और बाढ़ की समस्या से निजात दिलाने के लिए डुमरियागंज विधायक भगवान की शरण में

दिलीप श्रीवास्तव/
दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। पिछले कुछ समय से बाढ़ की समस्या ने आम जनमानस के जीवन को अस्त व्यस्त कर रखा है डुमरियागंज तहसील के अंतर्गत आने वाले कई गाँव इस वक्त टापू की तरह नजर आ रहे हैं। प्रशासन बाढ़ से पीड़ित लोगों की यथासंभव मदद कर रहा है। डुमरियागंज विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह बाढ़ के रूप में आयी इस आपदा में लगातार लोगों के बीच पहुँच कर नुकसान का जायजा ले रहे हैं और यथासंभव मदद कर रहे हैं। इसी कड़ी में डुमरियागंज विधायक राघवेंद्र सिंह ने शुक्रवार को डुमरियागंज नगर पंचायत के रामलीला मैदान स्थित मंदिर प्रांगण में क्षेत्रवासियों के कुशल मंगल और बाढ़ की समस्या से मुक्ति के लिए एक हवन करवाया। इस हवन को प्रसिद्ध कथावचक राकेश शास्त्री के अगुआयी में करवाया गया। इससे पहले अपने समर्थकों और आम जनता की मौजूदगी में डुमरियागंज विधायक ने देवों के देव महादेव और आदि शक्ति माँ जननी की पूजा आराधना कर क्षेत्रवासियों के कल्याण के लिए प्रार्थना किया। इस अवसर पर पंडित राकेश शास्त्री ने



आशीर्वचन देते हुए कहा कि ईश्वर की आराधना –उपासना करने से ना सिर्फ सभी तरह के सुख प्राप्त होते हैं बल्कि बड़ी से बड़ी समस्या भी खत्म हो जाती है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हवन करने से देवी देवता तो खुश होते ही हैं साथ में वैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो इससे वातावरण की शुद्धि भी होती है। डुमरियागंज विधायक ने पंडित राकेश शास्त्री का पैर छू कर आशीर्वाद लिया और भरोसा दिलाया की अभी तक बाढ़ पीड़ितों तक पहुंच कर उनकी समस्या का समाधान करने की कोशिश करता रहा हूँ और आगे भी मेरा यह प्रयास रहेगा कि किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या ना होने पाए। उन्होंने आज किये गए पूजा पाठ और हवन के बारे में कहा कि क्षेत्र की जनता पहले कोरोना से परेशान हुई और अब बाढ़ की समस्या झेल रही है ऐसे में शासन और प्रशासन स्तर पर जो मदद संभव हो लोगों तक पहुँचाया जा रहा है, लेकिन इसके साथ हम इस प्राकृतिक आपदा से बाहर आने के लिए भगवान के शरण में भी आये हैं, क्षेत्र की खुशहाली के लिए जो कुछ भी करना पड़े मैं करता रहूंगा। इस अवसर पर थानाध्यक्ष डुमरियागंज शैलेश प्रताप सिंह, पप्पू श्रीवास्तव, भोला सोनी, प्रेम प्रकाश उर्फ मुन्ना गौड़, अशोक अग्रहरि, आशीष मिश्रा, चंदन सोनी, जय प्रकाश, गंगा पेंटर आदि उपस्थित रहे।

# तहसीलदार ने राहत सामग्री वितरित किया



दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थ नगर। बाढ़ से मरुण्ड गाँव लाऊखाई तप्पा नगवा तहसील नौगढ में शुक्रवार को तहसीलदार नौगढ राम ऋषि रमन, सदर विधायक श्यामधनी राही व प्रधान प्रतिनिधि रामकेवल व नगर प्रभारी मंतु विश्कर्मा,श्रीधर पाण्डेय व लेखपाल शशांक, अखिलेश, अमित ,आशुतोष व विकाश द्वारा मैरुण्ड ग्राम मे राशन वितरण किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो ग्रामीण मौजुद रहे।

# लोटन मुख्य मार्ग पर सडक का गड्ढा बना जानलेवा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोहास/सिद्धार्थनगर। महदेवा बाजार से रमवापुर लोटन मुख्य मार्ग के बीचोबीच गड्ढा हो गया है जो खघ्तरे की निशानी है। मुख्य मार्ग होने के कारण राहगीरों का आवागमन लगातार होता रहता है ऐसे में अगर रात में किसी को पता न चले तो भयानाक दुर्घटना हो सकती है विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों में काफी रोष है ग्रामीणों के अनुसार यदि गड्ढा नहीं भरा गया तो किसी की जान भी जा सकती है व भारी दुर्घटना का शिकार हो सकता यह सड़क का गड्ढा सरकार के गड्ढा मुक्त योजना के सारे दावे को फेल करते नजर आ रहा है।

# एक ही रात सीवान में खड़ी तीन पंपिंग सेट गायब

दैनिक बुद्ध का सन्देश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के हटवा गांव के सिवान से तीन पंपिंग सेट चोरी हो गया है। जिसकी तहरीर त्रिलोकपुर थाना अध्यक्ष को दे दी गई है। हटवा गांव के मूसे पुत्र अब्दुल सत्तार, चेतराम पुत्र रामसुभग व जगराम पुत्र रामसेवक ने तहरीर में बताया है कि हमारे गांव के सिवान में पानी चलाने वाला पंपिंग सेट हमेशा खड़ा रहता था कभी कोई नुकसान नहीं हुआ लेकिन शुक्रवार की सुबह जब हम लोग खेत की तरफ घूमने गए तो देखा कि 3 लोगों का पंपिंग सेट खेत से गायब हो गया।यह देखकर हम लोग अवाक रह गए और अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ चोरी की सूचना त्रिलोकपुर थाना अध्यक्ष को दे दी गई है। लोगों ने बताया कि एक एक पंपिंग सेट 27 से 30 हजार रुपए में आता है हम लोगों का इतना नुकसान हो गया। चोरी पंपिंग सेट मालिकों ने थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर से आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है। इस संबंध में त्रिलोकपुर थाना अध्यक्ष रणधीर मिश्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है सिपाही भेज कर पता करवाता हूं।

# स्वास्थकर्मियो ने बाढ़ क्षेतो में बांटी दवाइयां

अनंत मिश्रा/दैनिक बुद्ध का संदेश
उसका/सिद्धार्थनगर। बाढ़ क्षेत्रों में स्वास्थ कर्मियों ने बाटी



दवाइयां उसका बाजार में दर्जनों के ऊपर गांव बाढ़ से पूरी तरह से मैरुंड हो गया है ग्रामीण को पानी में हलकर जाना पड़ता है और स्वास्थ टीम अपनी पूरी तरह से तैयारिया भी कर रही है और ग्रामीणों के बीच जाकर लोगो को मुफ्त इलाज एवं दवाइयां वितरण किया जा रहा है जिससे लोग बीमार न पड़े साथ में उप मुख्यचिकत्सा अधिकारी डॉक्टर रामगुलाम सिंह, अधीक्षक डॉक्टर अविनाश चौधरी,डॉक्टर बृजेश चंद्रा, सी पी चौधरी,बीपीएम मनीष कुमार पांडेय, एनएम सुप्रिति दिवेदी,माधुरी गुप्ता ने लाऊ खाई , अजीगरा, हथिवाड़ताल में जाकर ग्रामीणों को किया दवा वितरण।

# समाजवादी पार्टी जनसम्पर्क कार्यालय का अबू आसिम आजमी ने किया उदघाटन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

नौतनवां/महराजगंज। बिधान सभा में आये अबू आसिम आजमीप्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी महराष्ट्र ने आज समाजवादी पार्टी नौतनवां बिधान सभा 316 के नौतनवां कस्बे में समाजवादी पार्टी के जनसम्पर्क कार्यालय का उदघाटन फीता काट कर किया । इसके पहले आजमी साहब का नारे बाजी एवं गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया। गुरुवार की शाम को नौतनवां में पहुंचे अबू आसिम आजमी ने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकत की और कार्यकर्ताओं में नई ताजगी और नई उमंग की जोश भरते हुए



कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहिये और अपने अपने बूथ स्तर पर समाजवादी पार्टी की उपलब्धियों को बताएं ताकि 2022 में अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बने और उन्होंने कहा कि यहाँ कार्यालय खुल जाने से विधानसभा के लोगों की जनहित समस्याओं की गम्भीरता से सुनते हुऐ उसका तत्काल निस्तारण होगा। इस दौरान समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के प्रदेश सचिव श्री बैजू यादव ने उन्हें बुके देकर उनका अभिवादन करते हुए स्वागत किया । इस क्रम में आदर्श नगर पंचायत सोनौली वार्ड नं 9 के सभासद करमहुसैन जी ने उन्हें फूलों का माला पहनाकर उनका स्वागत किया जिस पर श्री आजमी ने कहा कि सभासद जी हमें फूलों का माला नहीं कांटो का हार पहनाइए लेकिन इन फिरका परस्त लोगों को हटाइये और समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में आप सब दिल से लग जाइए जिस पर तमाम कार्यकर्ताओं ने उनके बातों को सुना और सरकार बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर श्री एजाज खान, आमिर हुसैन, भावी नगर पंचायत सुनौली बैजू यादव, सैयद अरसद, सभासद करम हुसैन, ब्रजेश यादव, साह आलम,राम मिलन, फिरोज खान, अलाउद्दीन, नियाज अहमद,नीरज गुप्ता, राजू मद्धेशिया, मनोज यादव, सुदामा यादव,मोनू विस्वकर्मा सहित अधिक संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के सोनखर मछिया तथा खुरपहवा मे बांटा राशन

दैनिक बुद्ध का सन्देश
भनवापुर/सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को डुमरियागंज विधानसभा



क्षेत्र के बाढ प्रभावित गांवो में युवा सपा नेता इंजीनयर रामफेर उर्फ अंशु यादव के सौजन्य से सपा जिला सचिव सुरेश चंद्र यादव के नेतृत्व में पीड़ितों को खाद्य सामग्री, वितरित किया गया। क्षेत्र के मछिया मुस्तहकम, सोनखर तथा खुरपहवा मे लोगों को आलू, दाल, चीनी, लाई, तेल, आटा, प्याज, विस्कुट ,नमकीन, माचिस आदि आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया। इस दौरान कुलदीप पांण्डेय, पप्पू, शेषराम, नफीस मलिक, कौशल किशोर, रिंकू मिश्रा, साधू गौड़, नसीम अहमद, मोहम्मद सईद, पवन गुप्ता अजय यादव, बाबू राम यादव आदि मौजूद रहे।

# नदी में लड़की हुई लापता, लड़की का तलाश है जारी

अनंत मिश्रा/दैनिक बुद्ध का संदेश
उसका।कूड़ा नदी में लड़की हुई लापता पीएससी टीम जांच



में जुटी नदी के तेज बहाव में लड़की बहने की खबर स्थानीय लोगो ने दी जानकारी के मुताबिक लड़की का नाम मोनी पुत्री रियाज आद्या प्रसाद नगर वार्ड नंबर 15 की निवासनी है और अचानक लापता की खबर सुनते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है मौके पर थाना उसका बाजार की पुलिस जांच में जुटी और तत्काल पीएससी टीम को बुलवाया गया पीएससी टीम 4 घंटे लगातार रेस्क्यू करती रही लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी परिजनों का कहना है कि लड़की कपड़ा धुलने के लिए नदी पर गई थी और अचानक पैर फिसल जाने से हुआ है।

# नगर पंचायत सोनौली घुसा बाढ़ का पानी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनौली। आदर्श नगर पंचायत सोनौली के वार्ड नंबर 3 शास्त्री नगर व ग्राम पंचायत श्याम काट के सभी गांव में पानी घुसने से कई गांव परेशान है मौके का जायजा लेने एस.डी.एम नौतनवा सी.ओ कोतवाल सोनौली व हल्का लेखपाल उपस्थित होकर जानकारी लिया नेपाल के पहाड़ में कई दिनों से लगातार बारिश होने के कारण से रोहिन नदी में जलस्तर बढ़ गया जिसके कारण से श्यामकाट के किनारे से पानी गांव में आने लगा और धीरे–धीरे सोनौली तक करीब 4 किलो मीटर के क्षेत्र में चारों तरफ पानी से घिर गया



और गांव में भी पानी घुस गया। श्यामकाट,पासी टोला, सियरहिया, पिपहिया, नौनिया, रेहरा, जुगौली, खजुरिया, इत्यादि गांव में पानी घुसा एसडीएम नौतनवा ने आश्वासन दिया कि हम बाढ़ से निपटने के लिए तैयार हैं किसी प्रकार की कोई समस्या किसी गांव को नहीं होंगी सी.ओ नौतनवां ने बताया कि हमारे सभी पुलिस बल बाढ़ से निपटने के लिए तैयार हैं हर तरह से मदद किया जाएगा ग्राम पंचायतों में किसी तरह की हताहत की कोई खबर अभी तक नहीं मिली है सब कुछ सामान्य है स मौके पर उपस्थित ग्राम प्रधान लक्ष्मी नगर अखिलेश सिंह, ग्राम प्रधान श्यामकाट वशिष्ठ कांदू, उमेश कुमार साहनी, सुरेश विश्वकर्मा, पूर्व प्रधान आजाद सिंह, विजेंद्र कुमार कन्नौजिया, उमेश कुमार राजभर याद प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे ।

# निःशुल्क आधार के नाम पर 12 हजार की ठगी

## शोहरतगढ़ क्षेत्र में ठगों का गिरोह सक्रिय

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर। थानाक्षेत्र के रमवापुर नानकार निवासी स्व0 गब्बर नेटुआ जिसकी मृत्यु तीन साल पहले सांप काटने से हो गयी थी। गब्बर की पत्नी दुलरमती अपने बच्चों के साथ कल दोपहर तीन बजे अपने घर पर थी। घर पर केवल महिला को देखकर दो बाइक सवार (अज्ञात ब्यक्ति) दरवाजे पर पहुँच कुशल छेम पूछकर छोटे बच्चों का निःशुल्क आधार बनाने का प्रस्ताव रखा। दुलारमती फ्री आधारकार्ड बनाने के झांसे में आ गई। ठगों ने पहले बच्चों का अंगूठा लगवाया। पुनः दुलारमती से अंगूठा लगाने के लिये कहा। दुलारमती को संदेह हुआ कि कही ये मेरा पैसा न निकाल ले। हुआ वही दुलरमती का अंगूठा लगते ही खाते में उपलब्ध 12000 रुपये ठगों ने उड़ा दिया। जब दुलारमती ने अपना बैंक खाता चेक कराया तो पैरो तले जमीन खिसक गई। उक्त के बारे में प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ पवन मिश्रा ने बताया कि उक्त घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोगों ने भी इस घटना की निन्दा की है।



# रोहिन नदी खतरे के निशान से ऊपर भयभीत हुए आसपास के गांव के लोग



दैनिक बुद्ध का सन्देश

नौतनवां। रतनपुर, मिश्रौलिया, लगातार तीन दिन से भारी बारिश होने के कारण रोहिन नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मंजर यह है कि मिश्रौलिया पुल के किनारे बसे हुए गांव के मकानों में नदी का पानी घुस गया है लोग अपने घरों से निकलकर बारिश के मौसम में सड़क पर रहने को विवश हैं। रोहिन नदी का पानी तांडव मचाते हुए बैकुंठपुर गांव तक पहुंच रहा है यदि बारिश रुकती नहीं है तो रोहिन नदी विनाशक रूप धारण कर सकती है नदी के परिवेश में बसे हुए गांव के लोग भयभीत हैं क्योंकि उन्होंने रोहिन नदी का यह रूप 30 वर्ष बाद देखा है।

# सम्पादकीय

**इसमें अफगानिस्तान की चार सौ से अधिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर किया गया निवेश भी शामिल है। यहां तक कि अफगानिस्तान के नये संसद भवन का निर्माण भी भारतीय निवेश के जरिये किया गया। ऐसे में अफगानिस्तान के लोगों के कल्याण के लिये ...**

## बचाव हो प्राथमिकता

अफगानिस्तान में जिस तेजी से घटनाक्रम बदला, उसने पूरी दुनिया को हैरत में डाला है, जिसके चलते तमाम देशों के नागरिकों की सुरक्षित वापसी को अंजाम देना संभव नहीं हो रहा। अमेरिका व नाटो सेनाओं की वापसी का कार्यक्रम घोषित होने के बाद तालिबान की सत्ता में वापसी तय थी लेकिन इतनी जल्दी काबुल सरकार का पतन हो जायेगा, ऐसी उम्मीद न थी। अतरू पंद्रह अगस्त को तालिबान द्वारा काबुल पर कब्जा किये जाने के एक सप्ताह बाद भी बड़ी संख्या में भारतीय अफगानिस्तान के विभिन्न शहरों में फंसे हुए हैं। इनमें वे भारतीय कर्मचारी भी शामिल हैं जो इस युद्धग्रस्त देश में विभिन्न विकास परियोजना स्थलों पर तैनात थे। तालिबान द्वारा काबुल पर कब्जा करने के दो दिन के भीतर भारत सरकार ने राजदूत व दूतावास के अन्य कर्मचारियों समेत करीब दो सौ लोगों को अफगानिस्तान से निकाल लिया। सोलह अगस्त की पहली उड़ान में चालीस लोगों को वापस लाया गया, उसके बाद डेढ़ सौ लोगों को भारत लाया गया। ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार ने दूतावास को बंद करके और राजनयिकों व अन्य अधिकारियों को तुरंत एयरलिफ्ट करके एकतरफा सोचा और उस पर तुरंत कार्रवाई की। यद्यपि भारत सरकार लगातार इस बात पर बल देती रही है कि अफगानिस्तान से सभी भारतीयों को सुरक्षित निकालना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और रहेगी। लेकिन हालात की जटिलताओं के चलते उत्पन्न होने वाली बाधाओं का दूरदृष्टि के साथ आकलन नहीं किया गया। अफगानिस्तान के विभिन्न शहरों में फंसे भारतीयों की निकासी में आने वाली बाधाओं को ध्यान में रखकर रणनीति तैयार करने की जरूरत थी। दरअसल, काबुल में सरकार के पतन के बाद ही पूरे अफगानिस्तान में अराजकता का माहौल व्याप्त हो गया है। प्रशासन के नाम पर आधुनिक हथियारों से लैस तालिबानियों का कब्जा है। यहां तक कि हवाई अड्डे आने वाले लोगों को जगह–जगह रोका जा रहा है। ऐसे में भारतीय दूतावास से मदद न मिलने के कारण अफगानिस्तान में फंसे भारतीयों की स्थिति बेहद चिंताजनक हो चली है। दरअसल, इन विषम परिस्थितियों के बीच अफगानिस्तान में सैकड़ों ऐसे भारतीय कामगार हैं, जो खुद को बेहद मुश्किल में फंसा पा रहे हैं। कई भारतीय कामगारों के पास उनके पासपोर्ट तक नहीं हैं। ये उनके नियोक्ताओं ने अपने पास जमा करा लिये थे। जब तालिबान ने चौतरफा हमला किया तो ये नियोक्ता अपनी जान बचाकर भाग खड़े हुए। ऐसे में इन भारतीय कामगारों का अफगानिस्तान से निकलना बेहद जटिल होता जा रहा है। हालांकि, इन मुश्किल हालात में दस्तावेजों को निर्णायक कारक नहीं माना जाना चाहिए, क्योंकि इन परिस्थितियों में उनकी जीवन सुरक्षा ही दांव पर लगी हुई है। ऐसे में स्थिति और ज्यादा खराब हो जाती है जब परदेश में फंसे लोगों की सहायता कर सकने वाला दूतावास का कोई कर्मचारी भी उपलब्ध न हो। केंद्र सरकार को नागरिकों के हित में अपने अन्य विकल्पों पर अतिशीघ्र विचार करना चाहिए। अन्य चौनलों के माध्यम से तालिबान से संवाद की गुंजाइश भी रखनी चाहिए ताकि मुश्किल हालात में फंसे भारतीयों के जीवन की रक्षा की जा सके। कूटनीतिक स्तर पर प्रयासों के जरिये तालिबान को अहसास कराया जाना चाहिए कि पिछले दो दशकों में भारत ने अफगानिस्तान के रचनात्मक विकास में निर्णायक भूमिका निभायी है। भारत ने करीब तीन अरब डॉलर से अधिक धनराशि का अफगानिस्तान की विभिन्न विकास योजनाओं में बड़ा निवेश किया है।

## लहरों पर गोते खाने की नियति

मृदुल कश्यप

कोरोना की तीसरी लहर को लेकर स्थिति बेहद भ्रामक है। नित्य समाचार आ रहे हैं कि देश तीसरी लहर के एकदम करीब खड़ा है। विशेषज्ञ बार–बार चेता रहे हैं कि तीसरी लहर जल्द ही शुरू हो जाएगी। ऐसा माना जाता है कि कोरोना की दूसरी लहर आई थी और वह खघ्त्म हो चुकी है। हालांकि इस बारे में जानकारों में गंभीर मतभेद हैं। कुछ लोगों का मत है कि अभी दूसरी खघ्त्म नहीं हुई बल्कि चल रही है। ऐसे में कुछ अज्ञानी प्रश्न उठाते हैं कि दूसरी खघ्त्म होगी तभी तो तीसरी आ पाएगी! जबकि कुछ ज्ञानियों का कहना है कि जब पहली ही खघ्त्म नहीं हुई है तो दूसरी और तीसरी के बारे में भला कैसे बात की जा सकती है।

कुछ चलते पुर्जे इस बात पर जोर देते हैं कि एक बार यह पक्का कर लें कि पहली और दूसरी लहर की वर्तमान स्थिति क्या है। उसके बाद तीसरी पर खुलकर बात की जा सकती है। कुछ सज्जन लोग जो बहस में पडना नहीं चाहते, वे कहते हैं कि शायद पहली और दूसरी दोनों ही चल रही होंगी, क्या कह सकते हैं। आखिर कोरोना की आचार संहिता में चाइना ने ऐसा कहां लिखा है कि पहली खघ्त्म होने के बाद ही दूसरी आएगी? हो सकता है कि तीसरी भी चल रही है। एक छोटा समूह इन सबसे हटकर यह मानता है कि वास्तव में अभी पहली और तीसरी चल रही है जबकि दूसरी समाप्त हो गई है। कुछ रायचन्द मानते हैं कि पहली, दूसरी और तीसरी तीनों लहर चल रही हैं। व्हाट्स एप यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर के अनुसार चौथी लहर चालू हो चुकी है। इस बारे में देश सोया हुआ है। इसलिए जागरूक करने की आवश्यकता है।

तीसरी लहर आने की चर्चाओं ने बाजार की संभावनाएं अवश्य बढ़ा दी हैं। सेनिटाइजर और मास्क बनाने वाली कंपनियों की हाई लेवल मीटिंग ही रही है, जिसमें तीसरी लहर पर व्यापक चर्चा हो रही है। नए स्टेन के लिए नीले रंग का ही सेनिटाइजर रखा जाए या गुलाबी कर दिया जाए, इस बदलाव पर बहस चल रही है। मास्क थ्री लेयर का रखें या फोर कर दें, इस बारे में भी मंथन जारी है। विज्ञापन के लिए नयी पंच लाइनें सोची जा रही हैं।

लहर पर इस महत्वपूर्ण बहस में आम आदमी गोते खाता रहता है। आम आदमी यही सोचता रहता है कि अभी तो तीन की ही बात हो रही है, जाने कितनी लहरें आनी बाकी हैं। जब पहली दो ने ही उसे पटरी पर ला दिया है तो आगे की लहरें भला जाने कहां ले जाकर फेंकेंगी!

## नये सिरे से विचार करने की आवश्यकता

**किसान केवल कानूनों को निरस्त करने पर ही जोर दे रहे हैं और नसमू को कानूनी रूप देने की भी मांग कर रहे हैं ताकि इससे कम पर खरीदारी को दंडनीय बनाया जा सके। सरकार ने पहले की तरह नसमू पर खरीद का आश्वासन दिया है लेकिन कानूनन नसमू दुनिया में कहीं भी लागू नहीं होता है। सुप्रीम कोर्ट ने अधिनियमों के क्रियान्वयन को डेढ़ साल के लिए स्थगित कर दिया है। किसान किसी समझौते पर ...**

शेर सिंह सांगवान

गत 26 नवंबर, 2020 से हजारों किसान तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने के लिए दिल्ली के बार्डर्स पर विरोध कर रहे हैं। इन कानूनों को कृषि मूल्य नीति के कार्यान्वयन से उभरने वाले मुद्दों से जोडने का प्रयास यहां किया गया है। यह नीति भारतीय खाद्य निगम (भाखानि) द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (नसमू) पर गेहूं और चावल की खरीद के माध्यम से लागू की जाती है। जबकि दलहन और तिलहन की खरीद, राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) द्वारा नसमू पर एक मूल्य समर्थन योजना (पीएसएसध्मूसयो) के तहत की जाती है।

वर्तमान में, हमारे पास गेहूं और चावल का विशाल भंडार है, जो कि हमारी बफर आवश्यकता का लगभग 2–3 गुना है, जबकि देश अभी भी दालों और विशेष रूप से तिलहनों का लगभग 80000 करोड़ रुपये का आयात प्रति वर्ष कर रहा है। असमान उत्पादन के लिए, गेहूं और चावल की तुलना में दालों और तिलहनों के लिए पक्षपाती खरीद–नीति काफी हद तक इसका कारण है। कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं। भाखानि द्वारा गेहूं और चावल बिना किसी मात्रा की सीमा के किसानों से नसमू पर खरीदे जाते हैं, जबकि दालों और तिलहनों की खरीद नेफेड द्वारा प्रति किसान 25 क्विंटल की अधिकतम सीमा तक की जाती है और कुल खरीद भी फसल–उत्पादन का अधिकतम 25 फीसदी है। नेफेड द्वारा खरीद केवल उसी वर्ष होगी, जब उत्पादन अधिशेष होगा और कीमतें नसमू से नीचे होंगी। गेहूं और चावल की खरीद प्रति वर्ष 100 प्रतिशत पंजाब और हरियाणा में की जाती है और कुछ अन्य राज्य हाल ही में आंशिक खरीद के साथ शामिल हुए हैं।

गेहूं और चावल खरीदने वाले राज्य खरीद–मूल्य का लगभग 4 प्रतिशत शुल्क, उपकर आदि के रूप में दावा करते हैं तथा आढ़ती भाखानि से 2.5 प्रतिशत कमीशन और सफाई के लिए खर्च लेते हैं। जबकि, मूसयो को लागू करने में, संबंधित राज्य को नेफेड द्वारा खरीदी जाने वाली मात्रा पर बाजार शुल्क, उपकर आदि का त्याग करना पड़ता है।

यहां तक कि कमीशन एजेंट भी शामिल नहीं होते और राज्य को मामूली शुल्क पर खरीद की व्यवस्था करनी पड़ती है। गेहूं और चावल की खरीद करने वाले राज्यों में किसान–सह–आढ़तियों ने मजबूत किसान–यूनियनों का गठन किया है जो फसलों के गुणवत्ता मानदंडों, ऋणों आदि की छूट के लिए लड़ाई लड़ते हैं।

व्यक्तिगत मात्रा की सीमा और अन्य शर्तों के बावजूद, नेफेड द्वारा खरीफ 2017 के बाद से दालों और तिलहनों की खरीद बहुत अधिक हुई है और इससे 12 राज्यों के किसान लाभान्वित हुए हैं। इसके अलावा, मूसयो के तहत लाभार्थी किसान कम सिंचाई वाले गरीब राज्यों से हैं। मूसयो के तहत खरीद का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य यह था कि नेफेड खरीद के बाद बाजार मूल्य बढ़ेगा लेकिन अध्ययन में इसे गलत पाया गया है। हमारे नसमू न केवल घरेलू बाजार की कीमतों से अधिक हैं अपितु अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय कीमतों को भी पार कर रहे हैं।

नसमू पर खरीद का सबसे परेशान करने वाला परिणाम फसल के समय खरीद में व्यापारियों, स्टॉकिस्ट और संसाधकों (प्रोसेसर) की गैर–भागीदारी था। व्यापारियों ने बताया कि वे नेफेड के ज्ञात भंडार से नसमू से काफी कम कीमत पर खरीदारी कर रहे हैं। संसाधकों को नेफेड से खरीद कर लगभग 1000 से 2000 रुपये प्रति क्विंटल का लाभ हो रहा था जबकि किसानों को नसमू से 500 से 700 रुपये अधिक मिल रहे थे। दोनों मामलों में, 2016 से 2019 के दौरान नेफेड को नुकसान के लिए भारत सरकार ने लगभग 2000 रुपये प्रति क्विंटल भरपाई की।

अब तक अनुत्तरित प्रश्नों में से एक है, पार्टियों और यहां तक कि किसान संगठनों के साथ व्यापक चर्चा के बिना, 5 जून, 2020 को अध्यादेशों के माध्यम से विपणन सुधार लाने क्यों आवश्यक थे। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत स्टॉक–सीमा में ढील प्रोसेसर और व्यापारियों को खरीद में शामिल करने के लिए एक प्रोत्साहन हो सकती है। बिना किसी करध्उपकर के एपीएमसी के बाहर श्व्यापार क्षेत्रय की अवधारणा प्रोसेसरों के लिए एक और प्रोत्साहन थी क्योंकि इससे उन्हें आढ़ती कमीशन, राज्य कर, परिवहन लागत और लोडिंग–अनलोडिंग शुल्क आदि को बचत होगी। इसके अलावा, संदर्भ मूल्य के रूप में नसमू का उल्लेख न करने से किसानों की आशंका है कि भारत सरकार नसमू–प्रणाली को खत्म कर सकती है। किसान केवल कानूनों को निरस्त करने पर ही जोर दे रहे हैं और नसमू को कानूनी रूप देने की भी मांग कर रहे हैं ताकि इससे कम पर खरीदारी को दंडनीय बनाया जा सके। सरकार ने पहले की तरह नसमू पर खरीद का आश्वासन दिया है लेकिन कानूनन नसमू दुनिया में कहीं भी लागू नहीं होता है। सुप्रीम कोर्ट ने अधिनियमों के क्रियान्वयन को डेढ़ साल के लिए स्थगित कर दिया है। किसान किसी समझौते पर पहुंचने के लिए स्थगन अवधि बढ़ाने की मांग कर सकते हैं। यह किसानों और सरकार दोनों को नये सिरे से सोचने का समय देगा।

## बदले हालात में भारत–पाक में बढ़ेगी तल्खी

**जाहिर है कश्मीर भारत का आंतरिक मामला नहीं है। घड़ी में तोला... घड़ी में माशा बनते भारत–पाक संबंध हालात सामान्य बनने की बाट जोह रहे हैं, जिसमें मय राजदूत और तमाम स्टाफ, दोनों मुल्कों के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध पुनरू स्थापित हों, वाघा और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर व्यापार फिर से बहाल हो और वर्ष 2015 में जो बृहद संवाद शुरू हुआ था, उसे पुनः जीवित किया जाए। पाकिस्तान का ...**

मेजर जन. अशोक के. मेहता (अ.प्रा.)

वर्ष 2001 में अफगानिस्तान से खदेड़े जा चुके तालिबान के लिए मुल्क दुबारा फतह करना एक उपलब्धि है। यह वही तालिबान है, जिसने कभी अमेरिका के लिए कहा था रू श्बेशक अमेरिका के पास घडियां हैं, लेकिन वक्त हमारा होगा।य अब स्थितियां घूम–फिर कर वापस उसी बिंदु पर आ गई हैं।

सत्ता में तालिबान की वापसी के पीछे पाकिस्तान का योगदान कम नहीं है। इससे भारत–पाक के बीच तनातनी की आग में घी पडना अवश्यंभावी है, पहले ही अनुच्छेद 370 हटाने की वजह से आपसी रिश्ते निम्नतम स्तर पर हैं। पाकिस्तान की हरचंद कोशिश भारत को अफगानिस्तान से परे रखने की रही है।

वर्ष 2007 में विदेश सचिव निरूपमा राव ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष रियाज खान से समझौता वार्ता में अफगान मसले पर बात को 9वें स्थान पर रखने को राजी कर लिया था, लेकिन पाकिस्तानी सेना ने यह कहकर कभी अमल नहीं करने दिया कि ऐसा होने पर अफगानिस्तान में भारत की भूमिका को वैधता मिल जाएगी।

पाकिस्तान ने अमेरिका को आश्वस्त कर अफगानिस्तान में भारत को हाशिए पर बनाए रखा। पहले–पहल राष्ट्रपति अशरफ गनी के पास जितनी शक्ति थी, उसके मुताबिक उन्हें भी भारत को बाहरी छोर पर रखना पड़ा था। इसी तरह पाकिस्तान के उकसावे पर रूस ने अपने नेतृत्व में अफगान समस्या का हल निकालने को जुटी तिकड़ी (चीन–पाकिस्तान–अमेरिका) के साथ भारत को यह बताकर स्थान नहीं दिया कि उसका तालिबान पर प्रभाव नगण्य है।

कालांतर में भारत–पाक के बीच संकटग्रस्त संबंधों का हल निकालने में अमेरिका, सोवियत संघ और यूके ने कई मर्तबा पेशकश की है लेकिन मध्यस्थता में तीसरे पक्ष को शामिल न करने की नीति और शिमला समझौते की लीक पर चलते हुए भारत–पाक ने पहले राजनयिक स्तर पर और बाद में पर्दे के पीछे संवाद बनाए रखा। आगे यह सिलसिला निचले स्तर यानी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के मध्य चला। वर्ष 2004–07 के बीच सतिंदर लांबादृ तारिक अजीज में चली गुप्त वार्ताओं के दौर ने अंततरू कश्मीर समस्या पर चार–सूत्रीय फार्मूला निकाल लिया था, जो इस जटिल मसले पर दोनों मुल्कों के रुख से सबसे ज्यादा नजदीक था।

गुप्त वार्ता के भी कई रूपांतर देखने को मिले। मसलन, आईएसआई–रॉ के बीच सीधा संवाद, आईएसआई और भारतीय राष्ट्र सुरक्षा सलाहकार के बीच वार्ता। माना जाता है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने पिछले साल लंदन में पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष जनरल बाजवा से गुप्त भेंट की थी। इससे पहले बाजवा ने इस्लामाबाद में सुरक्षा समिति में पाकिस्तानी हुक्मरानों को दोनों मुल्कों के बीच रिश्तों को भू–राजनीतिक लीक पर रखने की बजाय भू–आर्थिक वाली अपनाते हुए कटु इतिहास को दफन करने की सलाह दी थी। अमेरिका में यूएई के राजदूत यूसुफ अल ओतर्बा ने स्वीकार किया है कि अंदरखाते मध्यस्थता चल रही है–उनका मतलब है, वे इसमें शामिल हैं–ताकि भारत–पाक से बीच स्वस्थ और व्यवहार्य रिश्ते बन सकें। 25 फरवरी को दुबई में डोभाल और आईएसआई के ले. जनरल फैज हमीद के बीच सीमा रेखा पर शांति स्थापना वाला समझौता हुआ था।

जब कभी दोनों देशों के द्विपक्षीय रिश्तों में आशान्वित करती आहट सुनाई देती है, वह अक्सर गुप्त वार्ताओं का परिणाम होती है। पाकिस्तान के मौजूदा अपेक्षाकृत युवा और बातूनी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मोईद यूसुफ ने सार्वजनिक तौर पर माना है कि भारत ने गुप्त वार्ता के लिए कहा था, जिससे सीमा पर शांति स्थापित हो पाई। यह कदम प्रशंसनीय है, क्योंकि लद्दाख में चीनी सेना की घुसपैठ के बाद भारत के लिए एक साथ दो मोर्चों पर बने तनावों से बचना ज्यादा समझदारी है। श्स्पाई स्टोरीज–इनसाइड सीक्रेट वर्ल्ड ऑफ रॉ एंड आईएसआईय के सह–लेखकों एड्रियन लिवाय और कैथी स्कॉट क्लार्क का भी मानना है कि वर्ष 2018–19 से पहले गुप्त वार्ताएं होती रही हैं।

इनके मुताबिक, भारत ने आईएसआई की इस बात पर यकीन न करते हुए कि पुलवामा हमले के लिए वह जिम्मेवार नहीं है, बालाकोट पर हवाई कार्रवाई चुनी थी। यह जैश–ए–मोहम्मद है, जिसने पुलवामा, पठानकोट और उड़ी आतंकी हमलों को अंजाम दिया है, क्योंकि लश्कर–ए–तैयबा का सरगना हाफिज सईद घर में नजरबंद होने की वजह से इतना सक्रिय नहीं था। कुछ समय के लिए उक्त लेखकों ने दोनों मुल्कों के बीच गुप्त दूत की भूमिका भी निभाई है। ऐसा उनका दावा है कि दोनों ओर के खुफिया विभागों के उच्चतम कर्ताधर्ताओं तक जो पहुंच उनकी है, वह अभूतपूर्व है। पर्दे के पीछे चले संवाद से सौहार्द बनने को बढ़ावा मिला, प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान के राष्ट्रीय दिवस पर अपने समकक्ष इमरान खान को बधाई संदेश दिया था। इसके बाद जब वे कोविड संक्रमित हुए तो श्शीघ्र स्वस्थ होनेय वाला संदेश भी भेजा था। इमरान खान ने भी मोदी को कहा है कि वे परिणाम–प्रदत्त संवाद बनाने के इच्छुक हैं। गुप्त वार्ताओं का एक बड़ा नतीजा यह था कि अप्रैल 2021 में पाकिस्तान ने भारत से कपास और चीनी खरीदने को सहमति दे दी थी। लेकिन कोई हैरानी नहीं कि इस योजना को यह कहकर खारिज कर दिया गया कि काबीना को यह मंजूर नहीं है। यह ठीक वैसा है जब वर्ष 2014–15 में खरीद–अनुबंध रद्द किया था, इनके पीछे कारण एक ही है–पाकिस्तानी सेना।

संबंध सामान्य बनाने को पहले अनुच्छेद 370 की बहाली जोड़कर पाकिस्तान ने खुद को गांठों में उलझा लिया है। जबकि दोनों मुल्क अपने–अपने नियंत्रण वाले जम्मू–कश्मीर के इलाके को कानूनी नुक्तों के जरिए खुद में समाहित कर चुके हैं और नक्शे में अपना अंग दर्शाते हैं। पाकिस्तान के कब्जे में जम्मू–कश्मीर का जो 15 फीसदी भाग है, उसमें 85 प्रतिशत क्षेत्रफल गिलगित–बाल्टिस्तान का है, जिसे कभी उत्तरी अंचल पुकारा जाता था। इससे गिलगिल–बाल्टिस्तान पाकिस्तान का लगभग पांचवां अंचल बन गया है और पाकिस्तान में विलय हो चुका है।

भारत ने नये नक्शे में अक्साई चिन को अपना बताकर बर्रे का छत्ता छेड़ दिया है, जिसने समूची पूर्वी लद्दाख सीमा रेखा पर चीन को घुसपैठ कर इलाका कब्जाने की दावत दे डाली। इसके साथ ही, पाकिस्तान ने लाहौर में हाफिज सईद के घर के पास हुए बम धमाके और बलूचिस्तान में चीनी कामगारों को ले जा रही बस पर हमले के लिए रॉ पर इल्जाम लगाया है। आगे, आईएसआई ने वास्तविक नियंत्रण सीमा रेखा पर घुसपैठ मानव की बजाय ड्रोन से करनी शुरू कर दी है। तथापि, सिंधु नदी जल संधि आयोग की बैठक तीन साल बाद हुई है और भारत ने पाक खिलाडियों को वीजा जारी किए हैं।

कश्मीर पर चीन कहता आया है रू श्यह समस्या इतिहास की देन है, जिसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर और सुरक्षा परिषद की घोषणाओं के तहत शांतिपूर्वक ढंग से सुलझाया जाना चाहिए।य संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुट्रैस ने भी वर्ष 2019 में भारत–पाक द्विपक्षीय सहमति के लिए शिमला समझौते की याद दिलाई थी, जिसमें कहा गया है कि जम्मू–कश्मीर समस्या का अंतिम दर्जा संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अंतर्गत शांतिपूर्ण ढंग से तय किया जाए।

जाहिर है कश्मीर भारत का आंतरिक मामला नहीं है। घड़ी में तोला... घड़ी में माशा बनते भारत–पाक संबंध हालात सामान्य बनने की बाट जोह रहे हैं, जिसमें मय राजदूत और तमाम स्टाफ, दोनों मुल्कों के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध पुनरू स्थापित हों, वाघा और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर व्यापार फिर से बहाल हो और वर्ष 2015 में जो बृहद संवाद शुरू हुआ था, उसे पुनरू जीवित किया जाए। पाकिस्तान का इस बात पर अडना कि संबंध सामान्य बनाने के लिए भारत को पहले जम्मू–कश्मीर में किए गए संवैधानिक बदलाव पूर्व–स्थिति में लाने होंगे, और भारत का यह कहना कि वार्ता और आतंक साथ–साथ नहीं चल सकते, इससे जटिलताएं बढ़ती हैं। निडर होकर गुप्त संपर्क बनाने से अवश्य ही एक–दूजे के रुख पर बिना शर्तों और पूर्वाग्रहों वाली बातचीत की स्थितियां बनेंगी।

## वाहन चोर को थाने से छोड़ा, चौकी इंचार्ज व सिपाही निलंबित

देवरिया। जिले के मईल थाना की भागलपुर पुलिस चौकी एक बार फिर अपने कारनामे से चर्चा में है। पुलिस की करतूत से एक बार फिर खाकी की कार्यशैली पर सवाल खड़ा हुआ हैं। मईल थाना में तैनात दरोगा व एक सिपाही ने वाहन चोर को पकड़ा और उसे बिना जीडी में दर्ज किए ही थाने से छोड़ दिया। इस मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक को हुई तो उन्होंने इसकी जांच सीओ बरहज से कराई। जांच में पुष्टि के बाद दरोगा दुर्गा प्रसाद पांडेय व सिपाही जय शंकर यादव को निलंबित कर दिया। दुर्गा प्रसाद पांडेय भागलपुर पुलिस चौकी के प्रभारी थे। लेकिन छह दिन पूर्व मईल थानाध्यक्ष के बाहर जाने के कारण वह थानाध्यक्ष के चार्ज पर थे। वह एक वाहन चोर को वह पकड़कर थाना में ले आए। वह एक प्रभावशाली व्यक्ति के दबाव में आकर वाहन चोर को छोड़ दिए। इसकी पुष्टि सीओ बरहज देव आनंद के जांच के दौरान हुई। जिसके आधार पर पुलिस अधीक्षक ने भागलपुर चौकी प्रभारी व सिपाही को निलंबित कर दिया। सीओ बरहज देवानंद ने बताया कि जांच में वाहन चोर को थाना से छोड़ने में दुर्गा प्रसाद पांडेय व सिपाही की संलिप्तता पाई गई है। बिना किसी अधिकारी को जानकारी दिए, बिना लिखा पढ़ी किए वाहन चोर को छोड़ दिया गया। यह गंभीर प्रकरण है।

## निजीकरण के विरोध में सड़क पर उतरे युवा कांग्रेस कार्यकर्ता, पुलिस से नोकझोंक

देवरिया। महंगाई व सरकारी संस्थाओं के निजीकरण के विरोध में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता .सड़क पर उतर गए। प्रधानमंत्री का पुतला फूंकने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस ने पुतला छीन लिया। इस दौरान कांग्रेसियों व पुलिस के बीच नोकझोंक भी हुई। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार मिश्र सन्नी के नेतृत्व में टाउन हाल में कार्यकर्ता एकत्रित हुए और प्रदर्शन करते हुए सुभाष चौक पर पहुंचे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार केवल पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। सरकारी संस्थाओं का निजीकरण कर युवाओं को बेरोजगार बनाने का काम कर रही है। रेलवे समेत अन्य संस्थाओं को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। युवा रोजगारविहीन होते जा रहे हैं। दूसरी तरफ सरकार की गलत नीतियों के चलते महंगाई चरम पर है। आम जनता परेशान है। इस दौरान गोविद मिश्र, अभय शुक्ल, धनंजय पांडेय, शरद मणि त्रिपाठी, दीपक श्रीवास्तव, तबरेज, विशाल मिश्र, हर्षित सिंह, देवेश मणि, धर्मवीर भारती, विश्वास मिश्र, रोहित मिश्र मौजूद रहे।

## किसानों की समस्याओं को लेकर रालोद करेगा आंदोलन

देवरिया । कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय लोक दल की बैठक हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन करने की रणनीति बनाई गई। जिलाध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव ने कहा कि किसानों के फसलों की लागत बढ़ गई है, मंडियों में लाभकारी मूल्य नहीं मिल रहा है, किसानों की आय दोगुनी करने का वादा जुमला बनकर रह गया है, किसानों के पास न दवा के लिए पैसे हैं न बच्चों की पढ़ाई के लिए। नौ माह से किसान कृषि कानूनों का विरोध कर रहे हैं। एमएसपी की गारंटी की मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार किसानों से संतोषजनक वार्ता नहीं कर रही है। 28 अगस्त को राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकर्ता किसान क्रांति दिवस मनाएंगे और राज्यपाल को संबोधित पत्रक सौपेंगे। इस दौरान पूर्वी जोन के उपाध्यक्ष लालसा यादव, शिवदत्त पाठक, अवधेश सिंह, अमित रंजन श्रीवास्तव, प्रदीप ठाकुर, पवन यादव, विनय पाठक मौजूद रहे।

## बारिश से जनजीवन प्रभावित, बढ़ी परेशानी

महराजगंज। पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। बारिश ने जलनिकासी की पोल खोल दी है। जिले में 20 मिलीमीटर बारिश हुई है तो हर तरफ सड़कों पर जलजमाव हो गया है। लोगों को घरों से निकलना दुश्वार हो गया है। सरकारी कार्यालय और जिला अस्पताल परिसर भी पानी से लबालब है, जिससे फरियादियों और मरीजों को हलकान होना पड़ा। काले घने बादल के बीच दिन निकलने के साथ ही चारों ओर अंधेरा छा गया और तेज बारिश शुरू हो गई। हालांकि बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं शहर के निचले क्षेत्रों की सड़कें पानी से डूब गईं। सर्वाधिक जलजमाव की स्थित लोहिया नगर, राजीव नगर, गांधीनगर, अमरूतिया आदि आधा दर्जन वार्डों में रही। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें बारिश के पानी के कारण कीचड़ से सन गईं। कलेक्ट्रेट परिसर, पुलिस कार्यालय, जिला संयुक्त चिकित्सालय, रोडवेज बस स्टेशन परिसर में भी जलजमाव के चलते लोगों को दुश्वारियां झेलनी पड़ी। इसी के साथ नपा की जल निकासी व्यवस्था की पोल भी खुलकर सामने आ गई। नालियों के चोक होने के कारण पानी का बहाव नहीं हो रहा था।

## बारिश ने दी राहत तो बिजली ने रुलाया

महराजगंज। झमाझम बारिश ने जहां गर्मी से उबल रहे लोगों को राहत देने का कार्य किया है, वहीं बिजली कटौती लोगों को रुला रही है। बारिश होते ही क्षेत्र की आपूर्ति गुल हो गई और लोगों का कार्य प्रभावित रहा। स्कूलों में घुसा पानी, पढ़ाई प्रभावित जिले में बेसिक शिक्षा परिषद के करीब 650 पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैं, लेकिन अधिकांश विद्यालयों में जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। सदर, फरेंदा, नौतनवा, निचलौल सहित अन्य क्षेत्रों के स्कूलों में बारिश का पानी लग गया है, जिसके कारण बच्चे स्कूलों तक नहीं पहुंच पाएं और पढ़ाई प्रभावित रही।

## धान की फसल के लिए फायदेमंद है बारिश

महराजगंज। जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि जिले में 2.87 लाख हेक्टयर में धान के फसल की खेती की गई है। वर्तमान में फिलहाल यह बारिश धान की फसल के लिए फायदेमंद है। लेकिन अधिक बारिश होने से फसल प्रभावित भी हो सकती है। मजदूरों की मारी गई दिहाड़ी यह बारिश ठेले खोमचे और दिहाड़ी मजदूरों पर भारी पड़ रही है। बारिश से जहां ठेले, खोमचे वाले अपनी दुकान नहीं लगा पा रहे हैं, वहीं मजदूरों को काम नहीं मिलने से दिहाड़ी भी मारी जा रही है। सुख्खन ने बताया कि काम नहीं मिलने से अब वापस घर जा रहा हूं। बदरी ने बताया कि काम नहीं मिलने से आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

# विकास कार्यों को समय से पूरा करें अधिकारी

देवरिया । विकास भवन के गांधी सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधियों ने विकास कार्यों में शिथिलता पर अधिकारियों को फटकार लगाई। विकास के अधूरे कार्यों को समय से पूरा करने को कहा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सलेमपुर सांसद रवींद्र कुशवाहा ने कहा कि जो भी समस्याएं जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई हैं, उन्हें सभी अधिकारी गंभीरता से लें तथा निस्तारण समय से करें। जन प्रतिनिधि व अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। सदर सांसद डा.रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि बैठक का उद्देश्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि एक जगह बैठक कर संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा करने का है, जहां कोई कमियां आए, उसका निराकरण कराएं। समाधान व चर्चा औपचारिक नहीं, बल्कि प्रामाणिकतायुक्त होनी चाहिए। कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समाधान व चर्चा औपचारिक नहीं, बल्कि प्रामाणिकतायुक्त होनी चाहिए पूरी पारदर्शिता के साथ करें। योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। पशुधन राज्य मंत्री जयप्रकाश निषाद ने कहा कि रुद्रपुर क्षेत्र में चकबंदी द्वारा सर्वे कार्य पूर्ण होने के बाद भी अभिलेख राजस्व विभाग में उपलब्ध नहीं होने से लोगों को असुविधा हो रही है। बरहज विधायक सुरेश तिवारी ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ अपात्रों को देने का मुद्दा उठाया। जिस पर सांसद रवींद्र कुशवाहा ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कराकर जांच कराने का निर्देश दिया। सरकारी सस्ते गल्ले की रिक्त दुकानों को भी आवंटित करने का निर्देश दिया गया। एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने मनरेगा के तहत किए गए कार्यों की सूची उपलब्ध कराने की बात कही। सदर सांसद ने कहा कि टेंडर के समय ही कार्य परियोजनाओं को पूर्ण करने की समय सीमा तय की जाती है, उसका पालन होना चाहिए अन्यथा की स्थिति में जवाबदेही तय की जाए। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत समिति द्वारा यह निर्देश दिया गया कि प्रशिक्षण केंद्र खोले जाने के समय उसमें जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाए। सांसद सलेमपुर द्वारा कहा गया कि किसी भी कार्य की सफलता समय से कार्य पूर्ण होने पर ही निर्भर होती है। समय सीमा का पालन अनिवार्य रूप से किए जाएं। कुंडौली से मईल की सड़क के सकरी पुलिया एव चौड़ीकरण कार्य के तहत यह निर्देश दिया गया कि इस पुलिया का एस्टीमेट बनाएं। बिजली, स्वास्थ्य सेवाओं पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने कहा कि बैठक में जो भी जनप्रतिनिधियों द्वारा सुझाव लाए गए हैं, उसका पालन किया जाएगा। बैठक में सदर विधायक डा.सत्य प्रकाश मणि त्रिपाठी, कमलेश शुक्ला, नीरज शाही, पूर्व विधायक रवींद्र प्रताप मल्ल, एसपी डा.श्रीपति मिश्र, अंगद तिवारी, एमएलसी प्रतिनिधि राजू मणि, डा. संजीव शुक्ल, अजय उपाध्याय, मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। – बांसगांव सांसद ने अधिशासी अभियंता को लगाई फटकार: बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि चार बार कहने के बाद भी करुअना से सलेमपुर को जाने वाली सड़क का मरम्मत नहीं कराया गया है। जिस पर अधिशासी अभियंता ने जिले की सभी सड़कों को जल्द से जल्द गड्ढामुक्त करने का आश्वासन दिया।

## विद्यालयों में जलभराव से नौनिहालों की पढ़ाई प्रभावित

देवरिया। छह दिन पहले हुई मूसलधार बारिश के चलते जहां शहर के विभिन्न मोहल्लों में पानी भरा है। लोग परेशान हैं। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों के परिषदीय विद्यालयों में पानी भरने से छात्र व शिक्षक परेशान हैं। छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो गई है। छात्र जलभराव के चलते विद्यालय जाने से भी परहेज करने लगे हैं। शहर के विद्यालयों और ब्लाक संसाधन केंद्र परिसर में पानी भरा हुआ है। शिक्षक से लेकर छात्रों तक को पानी के बीच से गुजरना पड़ रहा है। भटवलिया पूर्व माध्यमिक विद्यालय का भी यही हाल है। यहां भी जलभराव होने से छात्र परेशान हैं और विद्यालय जाने से भी छात्र परहेज करने लगे हैं। रामनाथ देवरिया स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय को वन विभाग की तरफ से जाने वाली सड़क पर ही पानी बह रहा है, जिसके चलते छात्र विद्यालय जाने से भी कतरा रहे हैं। पूर्व माध्यमिक विद्यालय रामगुलाम टोला व पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरिया खास का भी यही हाल है। कुछ प्राथमिक विद्यालयों में भी जलभराव है, लेकिन विभागीय अधिकारी एक सितंबर तक विद्यालयों के खुलने के समय तक जलभराव खत्म होने की बात कह रहे हैं। भाटपाररानी संवाददाता के अनुसार भाटपाररानी ब्लाक संसाधन केंद्र परिसर में भी पानी भर गया है, जिसके चलते छात्र से लेकर शिक्षक तक को स्कूल जाने के लिए जलजमाव के बीच से गुजरना पड़ रहा है। करौंदी संवाददाता के अनुसार परिषदीय विद्यालय बरइठा में भी जलभराव की स्थिति हैं, शिक्षक को जलभराव के बीच गुजरना पड़ रहा है। पथरदेवा संवाददाता के अनुसार पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंठी पट्टी के परिसर में जलभराव हो गया है। इससे छात्रों को विद्यालय आने–जाने में दिक्कत हो रही है। कुछ अभिभावक अपने नौनिहालों को विद्यालय भेजने से परहेज कर रहे हैं। परिषदीय विद्यालय ओली पट्टी में भी जलभराव हो गया है। देसही देवरिया संवाददाता के अनुसार क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोठा रसूलपुर के परिसर में भी बारिश का पानी लग गया है, जिससे छात्रों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। पानी से घिरा विद्यालय, आवागमन में परेशानी करायल शुक्लः बरहज विकास खंड का कंपोजिट विद्यालय भुलईपुर बारिश के पानी से कई दिनों से घिरा है। जिसके चलते शिक्षकों व बच्चों को परेशानी हो रही है। जल निकासी की सुविधा न होने से दिक्कत हो रही है। जलजमाव को देखते हुए अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं। प्रधानाध्यापक सुनीता सिंह का कहना है कि खंड शिक्षा अधिकारी को इस समस्या से अवगत कराया गया। खंड शिक्षा अधिकारी का कहना है कि कायाकल्प योजनांतर्गत मिट्टी का कार्य ग्राम प्रधान के माध्यम से कराया जाना है। कुछ विद्यालयों में बारिश का पानी लगा है। प्रधानाध्यापक व ग्राम प्रधान से मिलकर जलनिकासी की व्यवस्था कर रहे हैं। छात्रों की पढ़ाई प्रभावित है।

## पांच साल में 78.84 करोड़ रुपये बढ़ गई फोरलेन की लागत

देवरिया। गोरखापुर–देवरिया–सलेमपुर फोरलेन के निर्माण की गति धीमी है। गोरखपुर बार्डर से देवरिया ओवरब्रिज तक व देवरिया से सलेमपुर तक अभी कार्य जारी है। निर्माण में देरी के चलते सड़क की लागत 78.84 करोड़ रुपये बढ़ गई है। गोरखपुर सीमा से देवरिया होकर सलेमपुर तक 47.90 किमी सड़क को 2016 में फोरलेन बनाने की शुरुआत हुई। गोरखपुर बार्डर से देवरिया ओवरब्रिज तक (किमी 125 से 144 तक) 19 किमी के लिए 128.26 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे। जो बढ़कर 182.63 करोड़ हो गया है। देवरिया ओवरब्रिज से सलेमपुर तक (किमी 145 से 174) सड़क के लिए 207.90 करोड़ रुपये स्वीकृत थे, जिसका रिवाइज एस्टीमेट 225.37 करोड़ स्वीकृति हुआ। इस परियोजना को मार्च 2020 तक पूरा होना था। अब मार्च 2022 तक काम पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। प्रांतीय खंड के कार्य की प्रगति में आई तेजी खरोह स्थित गोरखपुर बार्डर से खुखुंदू तक लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड व खुखुंदू से सलेमपुर तक निर्माण खंड के जिम्मे है। प्रांतीय खंड ने फोरलेन के बीच में डिवाइडर का निर्माण करा दिया है।

अभी आबादी के हिस्से में डिवाइडर का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण खंड ने अभी तक फोरलेन के बीच में डिवाइडर का निर्माण नहीं कराया है। धन की कमी से काम में हुई देरी फोरलेन के निर्माण कार्य में धन की कमी बाधा बनी रही। शुरुआती दौर से लेकर 2020 तक धन मिलने में देरी हुई, जिसके चलते निर्माण कार्य सुस्त गति से चल रही है। कई जगहों पर दबा फोरलेन खुखुंदू से भरथुआ के बीच सड़क का एक लेन दब गया है। इससे बरसात का पानी फोरलेन पर जमा रहता है। वाहन चालकों को दिक्कतें होती हैं। फोरलेन का निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। धन की कमी व कोरोना के चलते काम प्रभावित हुआ है। जिसके कारण परियोजना की लागत बढ़ गई। अब मार्च 2022 तक काम पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है।

# समारोह स्थल की तैयारियों का जायजा लेने गोरखपुर पहुंचे सीएम योगी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को लखनऊ से सीधे हेलीकाप्टर से भटहट के पिपरी गांव पहुंचे। यहां पर उन्होंने महायोगी गुरु गोरक्षनाथ उत्तर प्रदेश राज्य आयुष विश्वविद्यालय शिलान्यास स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ वार्ता कर जानकारी हासिल की। उन्होंने सुरक्षा समेत अन्य तैयारियों को लेकर दिशा–निर्देश भी दिए। शनिवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हाथों गोरखपुर के भटहट के पिपरी में महायोगी गुरु गोरक्षनाथ उत्तर प्रदेश राज्य आयुष विश्वविद्यालय शिलान्यास का शिलान्यास और सभा होनी है। इसके बाद वे गुरु गोरखनाथ विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने सोनबरसा जाएंगे। इस दौरान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 4 घंटे 35 मिनट गोरखपुर में रहेंगे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शनिवार की सुबह 9.30 बजे लखनऊ से रवाना होंगे और 10.40 बजे गोरखपुर एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। यहां 10 मिनट रुकने के बाद 10.50 बजे सेना के हेलीकाप्टर से रवाना होंगे और करीब 11 बजे बजे भटहट के निकट पिपरी स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे। वहां से सड़क मार्ग से सुबह 11.10 बजे महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के शिलान्यास स्थल पर पहुंचेंगे। शिलान्यास और भूमिपूजन कार्यक्रम के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति सड़क मार्ग से हेलीपैड पहुंचेंगे और वहां से हेलीकाप्टर द्वारा दोपहर 12.15 बजे महायोगी गुरु गोरखनाथ विश्वविद्यालय परिसर स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे। वहां से राष्ट्रपति सड़क मार्ग द्वारा 12.25 बजे विश्वविद्यालय के लोकार्पण स्थल पर पहुंचेंगे। 1.10 बजे तक वे लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे और उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर बाद तीन बजे तक उनका कार्यक्रम भोजन और आराम के लिए आरक्षित रहेगा। इस दौरान वे गोरखनाथ मंदिर दर्शन के लिए भी जा सकते हैं।परिसर के अतिथि गृह में राष्ट्रपति 9 लोगों से मुलाकात करेंगे। हेलीपैड से रवाना होकर राष्ट्रपति गोरखपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और यहां से 3.15 बजे लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे। राष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर मौसम प्रतिकूल होने पर प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था भी कर रहा है। एयरपोर्ट पर महामहिम के आराम करने, भोजन करने का भी प्रबंध रहेगा। सड़क मार्ग से राष्ट्रपति को ले जाने की स्थिति आने पर किसी समस्या का सामना न करना पड़े, इसलिए सड़क की पैचिंग का काम भी किया गया है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर अधिकारियों की एयरपोर्ट पर भी ड्यूटी लगाई गई है। राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए डीएम विजय किरन आनंद ने सभी अधिकारियों एवं



विभागाध्यक्षों के मुख्यालय छोड़ने पर रोक लगा दी है। अधिकारी अपने अधीनस्था कर्मचारियों को भी विशेष परिस्थिति में ही अवकाश प्रदान करेंगे। राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द से 28 अगस्त को गीताप्रेस के ट्रस्टी से भी मुलाकात करेंगे। चार लोगों ट्रस्टी देवी दयाल अग्रवाल ईश्वर प्रसाद पटवारी मुरली मनोहर सर्राफ और उत्पाद प्रबंधक लालमणि तिवारी उनसे मिलेंगे। उन्हें मुलाकात के लिए योगिराज बाबा गंभीरनाथ अतिथि भवन, बालापार रोड, सोनबरसा में बुलाया गया है। वहां पर गीता प्रेस के शताब्दी समारोह के बारे में भी राष्ट्रपति को बतौर मुख्य अतिथि आगमन को लेकर भी वार्ता हो सकती है। इसके अलावा पूर्व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री और भाजपा के सचेतक शिव प्रताप शुक्ल सहित वंदना सिंह, अवधेश कुमार सिंह, डॉ समीर सिंह प्रदेश प्रवक्ता बीजेपी और बीजेपी के कैम्पियरगंज से विधायक फतेह बहादुर सिंह से भी मुलाकात करेंगे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये कोरोना से बचाव का दिया संदेश

महराजगंज। कोरोना से बचाव के प्रति बच्चों, अभिभावकों एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से केन फाउंट एकेडमी कोल्हुई में जागरूकता गोष्ठी एवं कोरोना वैरियर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, लघु नाटक के जरिये लोगों को जागरूकता का संदेश दिया, वहीं गोष्ठी के जरिये बचाव के उपाए बताए। बच्चों ने कोरोना से बचाव के स्लोगन लिखे तख्तियों के साथ कस्बे में रैली भी निकाली। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी नौतनवा राम सजीवन मौर्य ने कहा कि कोरोना योद्धाओं का हौसला बढ़ाने के लिए विद्यालय परिवार द्वारा किया गया सम्मान समारोह एक सराहनीय कार्य है। सम्मान से नई ऊर्जा का संचार होता है। कहा कि कोरोना से बचाव को लेकर नन्हें–मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से जो जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। उसे हम सभी को अपने दैनिक जीवन में उतारने की जरूरत है। सतर्कता और तत्परता से ही इस बीमारी के संक्रमण से व अपने देश की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकती है। प्रधानाचार्य प्रिया पीएन ने कहा कि कोरोना काल हम सभी के जीवन का बहुत ही कष्टदायी समय रहा, अब हमें बीते दिनों को भूलकर इससे उबरने की आवश्यकता है। बीमारी से डरकर नहीं बल्कि इसका सामना करते हुए ही अपने जीवन की बागडोर को आगे खींचा जा सकता है। विद्यालय के निदेशक अजय कुमार रामचंद्रन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी ने की। प्रभारी थानाध्यक्ष कोल्हुई यदुनंदन यादव, वरिष्ठ पत्रकार अमित त्रिपाठी, राहुल त्रिपाठी, डा. संतोष दुबे, डा. मंजय शर्मा, सुधा सिंह, सरोज पांडेय, आलमगीर खान, गनेश सिंह, उपेंद्र सिंह, धर्मेंद्र शाही, पुरुषोत्तमन नायक, वलीउल्लाह, सर्वेश राय, जानकी, स्वेता, निशा, वर्तिका, शिखा, मीनाक्षी आदि मौजूद रहे।

## गन्ना बुवाई के उपलक्ष्य में किसान गोष्ठी का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

टड़ियावां / हरदोई। शुक्रवार को डी सी एम श्रीराम लिमिटिड शुगर यूनिट हरियावां के सौजन्य से बघौली रीजन में शरद कालीन गन्ना बुआई हेतु किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें गन्ना किसान संस्थान के सहायक निदेशक डॉ पी के कपिल, डॉ बी सी जादौन , डॉ आर डी तिवारी, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति बघौली महेंद्र पाल यादव एवं गन्ना विभागाध्यक्ष संजीव तोमर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संदीप कुमार सिंह द्वारा कृषक अजय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में किया गया । इस मौके पर डॉ बी सी जादौन ने सरद कालीन गन्ना बुवाई से लाभ व उन्नत तकनीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।डॉ पीके कपिल द्वारा कीट एवं लाल सडन रोग प्रबन्धन पर बल दिया गया। वही डॉ आर डी तिवारी ने गन्ने की फसल में पोषण के बारे में बताया ।संजीव तोमर द्वारा गन्ना बीज के महत्व को व मिल द्वारा चलाई जा रही बिभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इसके साथ ही गन्ना विकास समिति बघौली द्वारा बिभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस मौके पर रीजनल हेड नरेंद्र सिंह, रजत पुनिया, शिव गोविंद शर्मा एवं समस्त फील्ड स्टाफ सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



## पुलिस ने बालिकाओं को किया जागरूक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

करमा / सोनभद्र। मिशन शक्ति अभियान के तहत कर्मा थाना क्षेत्र अंतर्गत मां विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज पापी में बीट महिला कांस्टेबल शकुन्तला, उप निरीक्षक साहिद यादव, हेड कांस्टेबल मनीराम सिंह ने स्कूली छात्राओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर महिला कांस्टेबल शकुंतला ने छात्राओं से कहा कि आप निर्भीक होकर बिना किसी भय या संकोच के अपने या अपने महिला समाज के साथ किए जा रहे अभद्रता,अश्लीलता, अभद्र भाषा बोलने वालो का खुलकर विरोध करें। यदि आप के या विद्यालय के अथवा गांव के किसी महिला या लड़की के साथ अन्याय हो रहा है तो आप महिला हेल्प लाइन नंबर पर फोन कर शिकायत दर्ज कराएं। आप का नाम, आप का पता गोपनीय रखा जाता है, और उस अन्याय करने वाले मनचलों, शोहदों के विरूद्ध कार्यवाही की जाती हैं। उन्होंने ने महिला हेल्प लाइन नंबर को नोट कराया, और अपना तथा कर्मा थाना क्षेत्र के बिट इंचार्ज उप निरीक्षक व कर्मा थाना प्रभारी का भी मोबाइल नंबर नोट कराया।



# जनपद के प्रथम बिधायक पं बृजभूषण की 122 वी मनाई गयी जयन्ती

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं जनपद के प्रथम विधायक पंडित बृज भूषण मिश्र ग्राम वासी जी की 122 वी जयंती समारोह चोपन स्थित ग्राम वासी सेवा आश्रम में श्रद्धा के साथ मनाया गया । जयंती समारोह की अध्यक्षता प्रांत धर्म जागरण प्रमुख विश्व हिंदू परिषद नरसिंह त्रिपाठी जी ने किया । समारोह में बतौर मुख्य अतिथि चोपन विकासखंड की प्रमुख लीला देवी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ओबरा चेयरमैन श्रीमती प्राणमति देवी उपस्थित रही । कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रामवासी दादा के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम गान के साथ किया गया । कार्यक्रम में सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों का स्वागत संबोधन ग्राम वासी सेवा आश्रम के सदस्य प्रसिद्ध पत्रकार सनोज तिवारी जी ने किया । पंडित बृज भूषण मिश्र ग्राम वासी जी के पंच सूत्र व सिद्धांतों को आने वाली पीढ़ी स्वीकार कर देश और समाज के लिए काम करते रहे इसी प्रेरणा से ग्रामवासी सेवा आश्रम की स्थापना करने वाली एवं अंतर्राष्ट्रीय वायलिन वादक, ग्रामवासी जी की पुत्री शुभाशा मिश्रा जी ने उनके जन्म जयंती के अवसर पर ग्रामवासी दादा के मूर्ति स्थापना का शिलान्यास विधि विधान से पूजन कर किया और कहा कि जनपद के निरीह निर्धन और असहाय लोगों की सेवा के लिए बनाया आश्रम आप लोगों के सहयोग से निरंतर कार्य करता रहेगा । ग्रामवासी के जयंती के अवसर पर पूर्व प्रवक्ता एवं लोकतंत्र सेनानी डॉ सुरेंद्र बरनवाल ने बताया कि ग्रामवासी दादा जनप्रतिनिधि के रूप में एक सच्चे समाज सुधारक थे जिन्होंने आजादी के बाद प्रदेश के आखिरी और बनवासी क्षेत्र को अपना कर्मभूमि बनाया और यहां के विकास के लिए कार्य करते रहे जयंती समारोह को प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य सवितानंद शुक्ला प्रमुख समाज सेवी अखिलेश पांडे जी एवं ओम प्रकाश त्रिपाठी जी ने दादा जी के विचारों एवं कृतियों पर प्रकाश डालते हुए अपना विचार रखा एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉक्टर शिवानंद पांडे, जी जनार्दन , पत्रकार शशी कुमार, अर्जुन प्रसाद, विनोद सिंह, ओम प्रकाश अरविंद रविकांत द्विवेदी एवं जनपद के प्रबुद्ध बुद्धिजीवी उपस्थित हुए एवं श्रद्धा सुमन अर्पित पर दादा जी के जयंती पर उन्हें याद किए कार्यक्रम का संचालन राजेश अग्रहरि ने किया ।

# टड़ियावां कस्वे में जाम से परेशान कस्बा वासी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

टड़ियावां/हरदोई। टड़ियावां कस्वे में लम्बे समय से स्थानीय दुकानदारों के अतिक्रमण के चलते पशु चिकित्सालय से लेकर टड़ियावां चौराहा,हरिहरपुर व गोपामऊ मार्ग एवं लिलवल मार्ग पर पूरी तरह अतिक्रमण का साम्राज्य है।सम्बन्धित जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं। जिसके चलते जाम के झाम से अक्सर कस्बा व क्षेत्रवासी एवं राहगीर परेशानियों का सामना करने के लिए विवश हैं।बताते चलें कि टड़ियावां चौराहे पर आए दिन लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है क्योंकि यहां पर अवैध तरीके से दुकानों के आगे पडे टीनशेड बसों और टेंपो ऑटो रिक्शा को मनमाने तरीके से वाहनों को खड़ा करना तथा दुकानदारों द्वारा रोड सीमा तक अवैध तरीके से दुकाने लगाना जिस कारण यहां पर आए दिन जाम लगा रहता है। जिससे यहां राहगीरों को निकलने में परेशानी उठानी पड़ती है।और आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है।स्थानीय पुलिस से लेकर अन्य आलाधिकारियों का आवागमन भी इसी मार्ग व चौराहे से होता रहता है।किन्तु इस समस्या पर किसी की नजर नहीं पड़ी।अभी चंद दिन पूर्व महामहिम राज्यपाल महोदया के क्षेत आगमन पर सम्बन्धित जिम्मेदारों द्वारा आनन फानन सारा अतिक्रमण हटवा दिया गया था।जिससे लोगों ने राहत की सांस ली थी।किन्तु उसके बाद उन्हीं अतिक्रमणकारियों द्वारा पुनः फुटपाथ तक कब्जा जमा लिया गया।स्थानीय प्रशासन देखकर भी अनजान बना हुआ है।लोगों का कहना है कि काश हर महीने एक बार महामहिम का आगमन हो जाया करे।



## शराब माफियाओं की संपत्ति हुई जब्त

# शराब माफिया मुकेश अवस्थी व साथियों की संपत्ति हुए कुर्क

दैनिक बुद्ध का सन्देश

हरदोई। टड़ियावां व बेनीगंज की संयुक्त टीम ने शराब माफियाओं के प्रति शिकंजा कसते हुए कल शराब माफियाओं की संपत्ति को जब्त किया, हरदोई जनपद में आईजी रेंज लखनऊ लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ने टीम गठित क्षेत्राधिकारी हरियावा प्रभारी निरीक्षक राय सिंह के द्वारा जहरीली शराब के माफियाओं पर शिकंजा कसा जा रहा है। जिसके चलते अंतर्जनपदीय गिरोह के मिश्रित शराब माफियाओं पर शिकंजा कसा लगभग 50000 की कीमत के प्लाट व कारे हरदोई पुलिस ने जप्त की है सितंबर 2019 में बेनीगंज पुलिस द्वारा शराब माफियाओं का भंडाफोड़ किया गया था इसमें जहरीली शराब नकली रैपर ढक्कन व खाली बोतलों की बरामद हुई थी तस्करों को जेल भी भेजा गया था बाद में इन्हीं कुख्यात तस्करों पर अब पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी जिसकी विवेचना चल रही थी विवेचक के द्वारा विवेचना पूर्ण होने के बाद इन शराब माफियाओं की संपत्ति को चिन्हित किया गया उसके बाद जिलाधिकारी के आदेश पर कल शराब माफियाओं की संपत्ति को जब्त कर लिया गया अंतर्जनपदीय गैंग का सरगना मुकेश अवस्थी जोकि संडीला का रहने वाला है, और गिरोह के अन्य सदस्य प्रेमचंद्र यादव हरिओम रावत तथा विजय छोटू लखनऊ तथा केशव यादव उन्नाव के निवासी हैं फिलहाल हरदोई पुलिस ने शराब माफियाओं के प्रति शिकंजा कसते हुए शराब माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई की इसके साथ साथ ही हरदोई पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस टीम को 25000 का इनाम भी दिया गया इस अन्य संपत्तियों को चिन्हित करने हेतु विशेष टीमें अभी भी कार्य कर रही हैं जल्द ही काली कमाई द्वारा अर्जित इनकी और भी संपत्ति को कुर्क किया जाएगा।





# हरदोई में चोरों का बोलबाला लगाकर चोरी की घटना को दे रहे अंजाम

दैनिक बुद्ध का सन्देश

पिहानी/हरदोई। कोतवाली पिहानी के ग्राम निपानिया में सेंध लगाकर जेवरात सहित लाखो का माल लेकर चोर चम्पत।गुरुवार की रात सर्वेश कुमार पुत्र मलिखे ने बताया कि वह अपने घर पर रोज की तरह पूरा परिवार खाना खाने के बाद सो गया। सुबह साढ़े तीन बजे सर्वेश पेशाब करने के लिये उठे तो बल्ब जलाया।तो देखा कि कमरे की पीछे की दीवार टूटी हुई थी।टूटी दीवार को देखने के बाद अपने परिवार के लोगों को जगाया और अंदर जाकर देखा तो सारा सामान इधर–उधर बिखरा पड़ा हुआ था। और बक्से का भी ताला टूटा था।जिस तरफ से दीवार टूटी है उसके पीछे गन्ने का खेत है। गन्ने के खेत का फायदा उठाकर चोरों ने दीवार तोड़ी और चोरी घटना को अंजाम दिया।अज्ञात चोर कमरे में पीछे की ओर से सेंध लगाकर कमरे में घुस कर बख्शे का ताला तोड़कर उसमे रखे दो अंगूठी तीन जोड़ी पायल दो जोड़ी जंजीर 50 हजार रुपये नगद लेकर फरार हो गये। पीड़ित की तहरीर पट पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू की।



# प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान के साथ उन्हें रोजगार से लगाकर, बना रही है आत्मनिर्भर

गोरखपुर ।भारतीय संस्कृति में महिलाओं का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। वे समाज के हर कार्य में हाथ बॅटाती रही हैं। प्राचीनकाल में महिलायें विदुषी, ज्ञानी और सामाजिक व्यवस्था की पोषक रही हैं। महिलाये केवल गृहिणी ही नहीं बल्कि वे राजसत्ता चलाने में भी निपुण रही हैं। आज हमारे देश में महिलायें उद्योग, व्यापार, शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, तकनीकी, फोर्स, खेल आदि विभिन्न क्षेत्रों में कुशलतापूर्वक कार्य करते हुए राष्ट्र की सेवा कर रही हैं। ग्रामीण स्तर पर विभिन्न कुटीर उद्योगों, गृह उद्योगों कृषि कार्यों आदि में उनका विशेष योगदान है। आज महिलायें हर क्षेत्र में कार्य करते हुए परिवार की आर्थिक बुनियाद मजबूत कर रहीं हैं, साथ ही राष्ट्र के विकास में सहभागी बन रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश की महिलाओं की सशक्तीकरण व सुरक्षा, सम्मान, स्वाभिमान और रोजगार से लगाने की जो संकल्पना की थी वह पूरी कर रहे हैं। प्रदेश सरकार महिलाओं के चतुर्दिक विकास के लिए अनेक योजनायें संचालित कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। प्रदेश सरकार की संचालित योजनाओं से करोड़ो बालिकायें, महिलायें लाभान्वित हुई और सरकार की योजनाओं की प्रशंसा कर रही है। महिलाओं के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनायें संचालित हैं।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना–प्रदेश में समान लिंगानुपात स्थापित करने व कन्या भ्रूण हत्या को रोकने, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को सुदृढ़ करने, बालिका के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा बालिकाओं के प्रति आम जन में सकारात्मक सोच विकसित करने हेतु उ0प्र0 के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने मार्च, 2019 में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की घोषणा की थी। यह योजना 01 अप्रैल, 2019 से लागू हो गयी। योजना के संचालन हेतु वेब पोर्टल यउ0लण्नचण्हवअण्पदद्ध का विकास किया गया है। योजना के अन्तर्गत देय धनराशि पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से सीधे लाभार्थी पात्र के बैंक खाते में हस्तान्तरित की जाती है। योजना के अन्तर्गत मुख्यतः ऐसे लाभार्थी पात्र होते हैं जिनका परिवार उत्तर प्रदेश का निवासी हो, जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय अधिकतम रू0 3.00 लाख तथा जिनके परिवार में अधिकतम दो बच्चे हों।

योजना के अन्तर्गत बालिकाओं को कुल 4 श्रेणियों में सहायता दी जाती है। जन्म के समय रु0 2000, एक वर्ष के टीकाकरण पूर्ण करने पर रु0 1000, कक्षा–1 में प्रवेश के समय रु0 2000, कक्षा–6 में प्रवेश के समय रु0 2000, कक्षा–9 में प्रवेश के समय रु0 3000 तथा दसवींध्बारहवीं परीक्षा उत्तीर्ण कर डिग्री या दो वर्षीय या अधिक के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेने पर रु0 5000 एकमुश्त प्रदान किये जाते हैं। योजना के अन्तर्गत वर्ष 2020–21 में कुल 3.67 लाख लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। इस वर्ष भी हजारों कन्याओं के खातों में मुख्यमंत्री जी ने धनराशि भेजी है।

महिला हेल्प लाइन 181– महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा तथा सामाजिक, आर्थिक सशक्तीकरण हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 181–महिला हेल्पलाईन के रूप में पहल की गयी

है। 181 एक टोल फ्री नम्बर है, जो 24ग7 घण्टे कार्य करता है। महिला हेल्पलाईन पर कोई भी महिला एवं बालिका जो विषम परिस्थितियों से ग्रस्त हो अथवा उसको किसी भी अन्य प्रकार की समस्या या आवश्यकता की पूर्ति हेतु सलाह की आवश्यकता हो, टोल फ्री नम्बर पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकती है। वर्ष 2020–21 में योजना के अन्तर्गत 19189 महिलाओं को सहायता प्रदान की गई है। वर्तमान वर्ष में भी महिलाओं की सहायता की जा रही है।

वन स्टाप सेंटर योजना– भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित वन स्टाप सेंटर का शुभारम्भ वित्तीय वर्ष 2016–17 में किया गया था। योजना का उद्देश्य हिंसा से पीड़ित महिलाओं को समस्त आवश्यक सेवायें जैसे पीड़ित महिला को अल्प प्रवास (पांच दिवस), चिकित्सकीय सहायता, परामर्शी सेवायें विधिक सहायता एवं पुलिस सहायता इत्यादि एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराया जाता है। वर्तमान में प्रदेश के सभी जनपदों में वन स्टाप सेंटर का संचालन किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2020–21 में 10,226 महिलाओंध्बालिकाओं को सहायता उपलब्ध करायी गई है। जो सतत् संचालित है।

पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना– उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जा रही पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को रु0 500 प्रतिमाह की दर से चार तिमाही में पेंशन का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से किया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु की ऐसी महिलाएं जो उत्तर प्रदेश की स्थाई निवासी हो व उनकी पति की मृत्यु हो चुकी हो तथा उनकी पारिवारिक वार्षिक आय रु0 2.00 लाख से अधिक न हो। पात्र लाभार्थियों को देय धनराशि पीएफएमएस के माध्यम से उनके बैंक खाते में हस्तान्तरित की जाती है। इस योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 में 27.95 लाख लाभार्थियों की लाभान्वित किया गया है। उपरोक्त के अंतर्गत गत वर्ष में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना विशेष पैकेज के रूप में पात्र लाभार्थियों को नियमित अनुदान के साथ ही रु0 500 की 02 किश्तों में रु0 1000 की अतिरिक्त धनराशि भी प्रदान की गयी है।

बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओ योजना– यह योजना भारत सरकार द्वारा शत–प्रतिशत प्रायोजित योजना है। योजना का उद्देश्य गिरते हुए लिंगानुपात में सुधार करना, बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहन देना तथा बालिका के प्रति आम जन में सकारात्मक सोच विकसित करना है। यह योजना प्रदेश के समस्त जनपदों में संचालित है। वित्तीय वर्ष 2020–21 में योजना के अंतर्गत आच्छादित जनपदों द्वारा कुल रु0 10.11 करोड़ व्यय किये गये हैं तथा कुल 1.96 लाख गतिविधियों के माध्यम से 73.60 लाख महिलाओं तथा बालिकाओं को जागरूक किया गया है।

महिला शक्ति केन्द्र– महिला शक्ति केन्द्र योजना महिलाओं को अपने अधिकार प्राप्त करने, जागरूकता, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने हेतु सरकार से सम्पर्क करने के लिये इंटरफेस प्रदान करती है। इस योजना के अंतर्गत वर्तमान में प्रदेश में 64 जनपदों में महिला शक्ति केन्द्रों में स्टाफ का चयन करके संचालन किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2020–21 में कुल 37,406 गतिविधियों के माध्यम से 18.46 लाख महिलाओं तथा बालिकाओं को जागरूक किया गया है तथा 12.76 महिलाओं व बालिकाओं को महिला केंद्रित योजनाओं से जोड़ा गया है।

रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष–महिलाओं व बालिकाओं के विरूद्ध होने वाले जघन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं के प्रति प्रदेश सरकार अत्यंत संवेदनशील है। कोष के अंर्तगत जघन्य अपराधा से पीडित महिलाओं व बालिकाओं को 1 लाख से 10 लाख रूपये की आर्थिक क्षतिपूर्ति प्रदान की जाती है। साथ ही निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का भी प्रावधान किया गया है। योजना के अंर्तगत वर्ष 2020–21 में 721 अनुमोदित प्रकरणों के साथ कुल 4937 महिलाओं तथा बालिकाओं को आर्थिक सहायता दी गई है।

मिशन शक्ति अभियान–उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस हेतु में मा0 मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में ''महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सशक्तिकरण व सम्मान'' के उददे्श्यों के साथ ''मिशन शक्ति'' के रूप में वृहद अभियान की शुरूआत शरदीय नवरात्र के अवसर पर 17 अक्टूबर 2020 से की गई है। जिसका संचालन उ0प्र0 महिला कल्याण, पुलिस, सहित 27 विभागों तथा समाज–सेवी संस्थायें तथा शैक्षणिक संस्थानों द्वारा किया जा रहा है।

महिलाओं तथा बच्चों से सम्बन्धित हिंसा की प्रमुख समस्याओं में घरेलू हिंसा, नशे में मारपीट, छेड़खानी, बलात्कार, यौन हमला, यौन शोषण, यौन दुर्व्यवहार, ऐसिड अटैक, साइबरक्राईम, कार्यस्थल सहित अन्य स्थानों पर मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न तथा शोषण, तस्करी, बाल–विवाह, भेदभाव, बालश्रम, आदि शामिल हैं। ''मिशन शक्ति'' के माध्यम से महिलाओं तथा बच्चों से संबंधित इन सभी मुद्दों पर सरकार में शामिल प्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों में कार्यरत् अधिकारियों व कार्मिकों सहित जनसामान्य को जागरूक करने हेतु भरसक प्रयास किया जा रहा है। साथ ही इसके माध्यम से प्रदेश में महिलाओं तथा बच्चों विशेषकर बालिकाओं व युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

युवाओं मुख्य रूप से बालिकाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने व उन्हें विभिन्न प्रशासनिक पदों तथा व्यवसायों में शामिल होने हेतु ''प्रशासन की पाठशाला'' का आयोजन भी किया गया और प्रदेश में ''मानसिक स्वास्थ्य व मनोसामाजिक मुद्दों'' के प्रति भी समाज में जागरूकता की गई। महिलाओं की सुरक्षा की दृष्टि से समस्त थानों में ''महिला हैल्प डैस्क'', ''पिंक बूथ'', ''पिंक टायलेट'' तथा ''पिंक स्कूटी'' की शुरूआत भी की गई है। इस अभियान के अन्तर्गत 8.50 करोड़ पुरूषों, महिलाओं, बालिकाओं, जनसामान्य को जागरूक किया गया है। प्रदेश में 'मिशन शक्ति' तृतीय का भी शुभारम्भ प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने किया है जो दिसम्बर, 2021 तक चलेगा।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत महिलाओं को धुँए से किया गया मुक्त– ग्रामीण जीवन में खाना बनाने के लिए ईधन के रूप में ज्यादातर लकड़ी, कोयले का प्रयोग होता है जिसके धुँए से महिलाओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। देश के प्रधानमंत्री जी ने महिलाओं की इस पीड़ा को महसूस किया और पूरे देश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना लागू कर निःशुल्क घरेलू कुकिंग गैस चूल्हा सहित देते हुए महिलाओं को धुँए से छुटकारा दिलाया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश में लागू इस योजनान्तर्गत प्रथम चरण में 1.47 करोड़ महिलाओं को निःशुल्क चूल्हा सहित गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया है।

इसका दूसरा चरण भी प्रधानमंत्री जी ने महोबा जिले से आरम्भ कर दिया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने 25 अगस्त, 2021 को प्रदेश की लाखों महिलाओं को एल0पी0जी0 गैस कनेक्शन देते हुए उनकी सुरक्षा, सम्मान, स्वास्थ्य के साथ धुँए से मुक्ति दिलाया है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना– भारतीय समाज में गरीब, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों, विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्त महिलाओं आदि की पुत्रियों की शिक्षा, विवाह हेतु आर्थिक समस्या आती है। मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश के ऐसे परिवारों की पुत्रियों की शिक्षा और बालिग होने पर दो पुत्रियों तक के विवाह हेतु 51 हजार रूपये की आर्थिक सहायता देते हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना लागू की है। जिसमें दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु कन्या के खाते में 35 हजार रूपये, वर्तन कपड़े, बिछिया, पायल हेतु 10 हजार रूपये एवं प्रत्येक जोड़े के विवाह आयोजन हेतु 6 हजार रूपये व्यय की व्यवस्था सरकार द्वारा की जाती है। प्रदेश के अब तक लगभग 1.55 लाख गरीबों की कन्याओं का विवाह कराते हुए लाभान्वित किया है।

महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से रोजगार में लगाया– प्रदेश के मुख्यमंत्री जी का ध्येय है कि महिलायें आर्थिक रूप से मजबूत होगी तो पूरा परिवार आगे बढ़ेगा। इसीलिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उ0प्र0 राज्य राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत उद्यम, व्यवसाय, पशुपालन आदि के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन कराया जाता है। गठित समूहों को प्रदेश सरकार रिवाल्विंग फण्ड एवं कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराते हुए महिलाओं को रोजगार से लगा रही है। महिला समूहों के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। महिलाऐं अपने घरों के कार्य के साथ–साथ समूहों के माध्यम से विभिन्न उद्यमों, व्यवसायों, दुग्ध उत्पादन, पशुपालन, आदि कार्य करते हुए परिवार की आर्थिक मजबूती प्रदान कर रही है। प्रदेश सरकार प्रदेश में 10 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों का गठन कराते हुए एक करोड से अधिक महिलाओं को रोजगार से लगाया है। आज महिलायें स्वावलम्बी हो रही हैं और परिवार को आर्थिक सम्बल प्रदान कर रही हैं। प्रदेश सरकार महिलाओं द्वारा उत्पादित विभिन्न वस्तुओं का विपणन की भी व्यवस्था कर रही हैं। इससे महिलायें आत्मनिर्भर हुई हैं।

बी.सी. बैंकिंग कारेस्पोडेंट सखी– ग्रामीण क्षेत्र में घर के दरवाजे पर वित्तीय समावेशन के माध्यम से वित्तीय लेन–देन एवं विभिन्न योजनाओं से ग्राम वासियों को लाभान्वित करने एवं प्रोत्साहित करने की दिशा में ग्राम पंचायतों में विभिन्न बैंकों के माध्यम से पदस्थापित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश में 58758 महिलाओं को बैंकिग कारेस्पोडेंट सखी बनाया है।

प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना– इस योजना के तहत अब तक प्रदेश में लगभग 40 लाख गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को 1536 करोड़ रूपये से अधिक का भुगतान उनके खातों में करते हुए उनके स्वास्थ्य एवं चिकित्सा पर विशेष ध्यान रखा गया है। प्रदेश में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें प्रत्येक ऑगनबाड़ी केन्द्रों से पुष्टाहार का भी वितरण किया जाता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में

महिलाओं को केन्द्र में रखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) का स्वामित्व घर की महिला मुखिया के नाम से ही योजनाओं में लाभान्वित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने गॉवों में बने सभी 58758 सामुदायिक शौचालयों में महिला सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति करते हुए उन्हें रोजगार से लगाया है। प्रदेश सरकार प्रदेश की महिलाओं को हर स्तर पर सशक्त बना रही है। आज प्रदेश के चतुर्दिक विकास में महिलायें भागीदार बनी हुई हैं।

# प्रियंका चौधरी तहसीलदार न्यायिक बनाई गई

सिद्धार्थ नगर ।जिलाधिकारी दीपक मीणा ने गैर जनपद सन्तकबीर नगर से स्थानांतरित होकर आई तहसीलदार प्रियंका चौधरी को तहसीलदार न्यायिक नौगढ़ की जिम्मेदारी दी है।उन्होंने तहसील सदर में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

# दो बड़े तालाबों की बेशकीमती भूमि को बेंचकर बनाई जा रही अवैध इमारतें

## भू माफियाओं और राजस्व अधिकारियों की साठगांठ के चलते किया जा रहा जमीनों पर कब्जा

मिश्रिख (सीतापुर)। धार्मिक कस्बा मिश्रित में भू.माफियाओं और राजस्व अधिकारियों की गहरी सांठगांठ के चलते सीतापुर हरदोई मार्ग के दोनों ओर स्थित दो भारी.भरकम तालाबों की बेशकीमती भूमि को बेचकर अवैधा इमारतें निर्मित कराने का कार्य चल रहा है। इन तालाबों में इमारतों का निर्माण हो जाने से समूचे नगर का जल निकास बंद हो गया है। थोड़ी सी बरसात होते ही पूरा नगर जलमग्न हो जाता है। जिससे लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। तमाम जन सिकायतों के बावजूद भी तहसील प्रशासनिक अधिकारी मूकदर्शक की भूमिका निभा रहे हैं। कस्बा मिश्रित के सीतापुर हरदोई मार्ग पर चाइल्ड हेराल्ड स्कूल के पास सड़क के दोनों ओर गाटा संण् 316 व 317 जो बंदोबस्त हाल 1337 फण् से 1362 फसली तक राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है । परंतु 1363 फसली में यह दोनों तालाब बिना किसी पट्टा व प्रशासनिक आदेश के दीवानचंद गिरी पुत्र स्वण् हरी बाबू निवासी भीमताल जिला नैनीताल के नाम अंकित हो गए है । जिससे वह इन दोनों तालाबों की बेशकीमती भूमि को बेचकर मालामाल हो रहे है। जबकि इसी क्रम में 22 सितंबर 2020 को नायब तहसीलदार ने अपनी जांच आख्या गाटा संण् 316 व 17 पर क्रेता अब्दुल हमीद आदि का नाम निरस्त करके उपरोक्त भूमि को तालाब की श्रेणी में दर्ज करने का आदेश भी किया है। 9 दिसंबर 2014 को यहां के निवर्तमान रजिस्ट्रार कानूनगो शिव शंकर द्विवेदी ने भूलेख कार्यालय आख्या में दीवानचंद गिरी का नाम बिना किसी विधिक आधार के दर्ज होना स्पष्ट किया है। बावजूद इसके भी जिला प्रशासन व तहसील प्रशासन मूक दर्शक की भूमिका निभा रहा है। मामले को लेकर वादी शिव भगवान शुक्ल ने उच्चतम न्यायालय इलाहाबाद खंडपीठ लखनऊ बेंच में एक जनहित याचिका दायर की थी। जिसमें केस पीआईएल सिविल नं 3923, 2020 शिव भगवान बनाम स्टेट आफ यूपी 14 फरवरी 2020 को उच्चतम न्यायालय के जस्टिस वीएन खरे ने आदेश किया है कि राजस्व खेतौनी में नाम अंकित होने का कोई विधिक आधार होना चाहिए। जिसमें नैसर्गिक उत्तराधिकार, वसीयत, रजिस्ट्रीकरण, पंजीकृत बैनामा, दान पत्र, जमींदारी विनाश अधिनियम के अंतर्गत पूर्व जमींदार या कलेक्टर के द्वारा किया गया पट्टा आदि होना आवश्यक है। परंतु दोनों तालाबों की गाटा संख्या 316 व 17 में दीवानचंद गिरी स्व. हरी बाबू का पूर्वाकिंत नाम 8 विधिक आधारों में से कोई विधिक आधार दर्ज नहीं है और वह न्यायालय के समक्ष साक्ष्य प्रस्तुत करने में पूर्णतया असफल रहे है। जिससे जिला नैनीताल के निवासी दीवानचंद गिरी को जनपद सीतापुर की तहसील मिश्रित में तालाबों की भूमि विक्रय करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं है। उनका नाम खतौनी पर अंकित पूर्णतया फर्जी व गलत है। क्योंकि उनके पास कोई वास्तविक टाइटेल नहीं है। प्रायोजित याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने कड़ा संज्ञान लेते हुए गाटा संण् 316 व 17 को तालाब की श्रेणी में दर्ज करने का आदेश तहसील प्रशासन को जारी करते हुए कहा है कि अगर किसी व्यक्ति ने यह भूमि क्रय की है। वह नियमानुसार कानूनी राय लेकर सक्षम न्यायालय द्वारा दीवानचंद गिरी से भूमि क्रय में खर्च की गई धनराशि की वसूली करें। क्योंकि पानी से अच्छादित भूमि की वरासत एवं बैनामा करने का अधिकार किसी को प्राप्त नहीं है। उच्चतम न्यायालय का इतना सख्त आदेश होने के बावजूद भी मांमला तहसील के राजस्व विभाग में अभी तक लम्बित ही पड़ा है। गाटा संण्316 में अवैध रूप से निर्मित कराई इमारतों के स्वामियों को नोटिस तक जारी नही की जा सकी है। यह गम्भीर मांमला क्षेत्र में काफी चर्चा का बिषय बना हुआ है। जो जिला प्रशासन और तहसील प्रशासन के लिए किसी दिन अच्छा खासा सर दर्द साबित हो सकता है।

# स्नातक एमएलसी ने विधायक निधि से स्थापित ऑक्सीजन पाइप लाइन का लोकार्पण किया

सीतापुर। स्वनिधि से निर्मित ऑक्सीजन पाइप लाइन का आज स्नातक एमएलसी इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने जिला अस्पताल में लोकार्पण कर मरीजों के लिए समर्पित किया। बीस लाख लागत की विधायक निधि से स्थापित ऑक्सीजन पाइप लाइन के द्वारा अब जिला अस्पताल के 185 बेडों पर निर्बाध रूप से मरीजों को ऑक्सीजन की सप्लाई हो सकेगी। कोरोना की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए योगी सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में सीतापुर के लोगों के लिए यह एक उपलब्धि है। जबकि अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट पहले ही स्थापित हो चुका है। जिला अस्पताल में ऑक्सीजन पाइप लाइन के लोकार्पण के पश्चात स्नातक एम एल सी अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि पिछले साढे 4 वर्षों में योगी सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को उच्च स्तरीय बनाने का भरसक प्रयास किया है। सीतापुर जिला अस्पताल में ऑक्सीजन पाइप लाइन चालू होने से गंभीर मरीजों को अब ऑक्सीजन की समस्या नहीं रहेगी। श्री अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि योगी सरकार ने प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य व जीवन यापन की चिंता की है। जहां अस्पतालों में बेडों की संख्या के साथ साथ वर्तमान सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। वहीं गरीब व जरूरतमंदों को प्रतिमाह 5 किलो राशन भी मुफ्त उपलब्ध कराया जा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि योगी सरकार एक संवेदनशील सरकार है। गरीब व जरूरतमंदों को बेहतर से बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही। उन्होंने कहा कि योगी सरकार के बेहतर प्रबंधन के चलते जिला अस्पताल में पिछले साढे 4 वर्षों में उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हुई हैं । उन्होंने कहा कि अस्पताल में एक्सरे मशीनए सीटी स्कैन मशीनएरैन बसेरा व संभावित तीसरी लहर को देखते हुए बच्चों के लिए अलग पीडियाट्रिक वार्ड भी बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही जिला अस्पताल में डायलिसिस यूनिट भी स्थापित होगी। जिससे गुर्दे के गंभीर रोगियों का इलाज भी स्थानीय स्तर पर होगा। उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वह हमेशा प्रयास करते रहेंगे। अवनीश कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कोरोना काल में गरीबों और जरूरतमंदों की हर संभव मदद की है। जबकि विपक्षीदलों ने सिर्फ राजनीति की है। उन्होंने कहा कि मोदी और योगी सरकार हर नागरिक को को बेहतर स्वास्थ्य उपलब्ध कराने के लिए पूर्ण संकल्पित है। उन्होंने संभावित तीसरी लहर से बचाव के लिए अभी से व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश भी चिकित्सा अधीक्षक को दिया। उन्होंने सभी से कोरोना प्रोटोकाल का पालन करने को कहा। कार्यक्रम के पश्चात मुख्य अतिथि ने विभिन्न वार्डो का निरीक्षण भी किया तथा अस्पताल में भर्ती पार्टी कार्यकर्ताओं का हालचाल जानकर उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा ने स्नातक एमएलसी अवनीश कुमार सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर चिकित्सा अधीक्षक अनिल अग्रवाल, संजय मिश्रा, आकाश अग्रवाल, जया सिंह, जितेंद्र मेहरोत्रा, दीपक शुक्ला, तुषार साहनी, सोनू पटेल, लालता शाह, रामबाबू श्रीवास्तव आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक सम्पन्न

बिसवां नगर (सीतापुर)। किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक विकास खंड सकरन की ग्राम कव्वा खेड़ा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष सरदार हरप्रीत सिंह ने की। जिसमें किसानों को तीन काले कृषि कानूनों के बारे में जानकारी देकर दिल्ली बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन का समर्थन देने की बात कही गई। इसके साथ किसानों की अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में तहसील अध्यक्ष हरप्रीत सिंह, सकरन ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा, पवनदीप सिंह, कुलवंत सिंह, जसबीर सिंह, गुबचन सिंह, राम यादव, विनोद राजवंशी, मेवालाल वर्मा, प्रमोद कुमार, कुलदीप यादव, अवधेश कुमार, प्रमोद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

सकरन (सीतापुर)। थाना सकरन पुलिस द्वारा एक एक प्लास्टिक में 10.10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार किए गए। पुलिस अधीक्षक के द्वारा जनपद सीतापुर में अपराध एवं अपराधियों तथा अवैध शराब नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे हैं। अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी बिसवां थानाध्यक्ष सकरन के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष सकरन पुलिस द्वारा 2 नफर अभियुक्त हरनाम पुत्र स्वर्गीय कन्हैयालाल उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम बिरया पुरवा मजरा गठिया कला थाना सकरन व सतीश उर्फ सुकई पुत्र विद्याधर उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बिलहरा मजरा अरूवा थाना सकरन सीतापुर को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर मुकदमा अपराध संख्या 325, 2021 व 326, 2021 धारा 60 एक्ट पंजीकृत कर कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम हेड कांस्टेबल, सरफराज, कांस्टेबल प्रशांत कुमार द्वारा पकड़े गए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल रवाना किया गया।

## ट्रांसफार्मर जल जाने से कनकारी गांव अंधेरे में

सेवता (सीतापुर)। विकास क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कनकारी गांव का ट्रांसफार्मर 24 अगस्त को जल जाने से पूरे गांव की बिजली आपूर्ति बाधित है। लोग अँधेरे में सोने को मजबूर हैं। ग्रामीणों के द्वारा कई बार हेल्पलाइन नंबर पर व पावर हाउस बभनावा को सूचना दी है पर कोई भी बिजली विभाग का कर्मचारी ध्यान दे रहा है। कन्हैया लाल, सुनीत कुमार, चन्द्र मोहन, जय शंकर, तेज नारायण, माया प्रकाश, गिरीश कुमार, श्रवण कुमार, त्रिभुवन दत्त, शिव प्यारे वर्मा, विष्णु कुमार, आलोक मिश्रा, हरेंद्र कुमार आदि लोगों ने बताया कि ट्रांसफार्मर जल जाने से पूरे गांव की बिजली गुल है। जिससे हम सबको अंधेरे में रहने के लिए मजबूर है।

# नघेटा रोड की लूट का मास्टरमाइंड,25000 का इनामिया शातिर अपराधी गिरफ्तार,लूट का माल व नकदी बरामद

### कोतवाली शहर पुलिस ने 24 घंटे में ही तीन लुटेरों को मुठभेड़ में घायल करने के बाद किया था गिरफ्तार

हरदोई। कोतवाली शहर के अंतर्गत नघेटा रोड पर दाल विक्रेता की दुकान पर तीन शातिर लुटेरों द्वारा दिनदहाड़े तमंचे के बल पर मुनीम को डरा धमका कर लूट की घटना की थी, जिसके अनावरण के लिए पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने तीव्रता दिखाते हुए 5 टीमें सीओ सिटी विकास जायसवाल के नेतृत्व में गठित की थीं, टीमों ने दिन रात मेहनत कर 24 घंटे में ही तीनों शातिर लुटेरों को सुरसा क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस घटना के पीछे मास्टरमाइंड को गिरफ्तार करना बाकी था, उसे भी आज कोतवाली शहर पुलिस में गिरफ्तार कर जेल भेजा ।पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने ध25000 का ईनाम घोषित कर रखा था। घटना का शीघ्रता से अनावरण करने से टीमों का उत्साहवर्धन किया है। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कोतवाली शहर पुलिस ने ऑपरेशन शिकंजा के तहत चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत शातिर इनामी अपराधी, लूट की घटना का मास्टरमाइंड वैभव सिंह उर्फ चंदन सिंह की गिरफ्तारी के बाद जेल भेजकर घटना का पटाक्षेप किया है। बताया कि वांछित इनामी अपराधी वैभव सिंह उर्फ चंदन सिंह पुत्र कृष्ण कुमार उर्फ सरवन निवासी ग्राम मझिगवां रामगुलाम, थाना बघौली हरदोई को सीओ सिटी विकास जायसवाल के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शहर प्रभारी जगदीश यादव व टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर शुगर मिल कॉलोनी के पास बनियानी मोड़ पर अभियुक्त को ध37500 की नकदी सहित गिरफ्तार किया है। नघेटा रोड स्थित दाल विक्रेता संजय गुप्ता की दुकान पर मुनीम मुकेश से डरा धमकाकर तमंचे के बल पर लगभग ध100000 की लूट की थी ,जिसकी तस्वीरें सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी और आसपास के सीसीटीवी कैमरे में तीनों लुटेरों के चित्र के आधार पर जन सहयोग भी लिया गया था और पकड़वाने के लिए ध10000 का इनाम भी रखा गया था ।इस घटना का मास्टरमाइंड वैभव सिंह के ऊपर लखनऊ, हरदोई ,सीतापुर में अभियोग दर्ज हैं। यह नए नए लड़कों को टीम में भर्ती करता था और लूट का आधा हिस्सा खुद लेता था। इस घटना में भी तीनों अभियुक्तों ने यह बताया था कि वैभव सिंह अपने गैंग में भर्ती करने के लिए परीक्षा के तौर पर घटना करवाता था। सफल होने पर भर्ती करता था। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि दर्ज अभियोग ओं के आधार पर इसकी हिस्ट्री को खंगाला जा रहा है और गैंगस्टर एक्ट की भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह भी बताया कि उक्त अपराधी सन 2016 से अब तक कई अभियोग में पंजीकृत होकर जेल जा चुका है। व ध25000 का इनाम भी घोषित था। गिरफ्तार करने वाली टीम में शहर कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ,उप निरीक्षक संतोष कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक दिलीप कुमार त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल हीरालाल, कांस्टेबल राजेंद्र यादव, हेड कांस्टेबल सत्य प्रकाश, हेड कांस्टेब अभिनंदन, कांस्टेबल सत्येंद्र कुमार, सम्राट रघुवंशी राजेश कुमार और राहुल कुमार शामिल रहे।

## अभाविप ने जीडीसी में पुस्तकालय शुरू करने हेतु सौंपा ज्ञापन

हरदोई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हरदोई में महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय(ळक्ब्) इकाई के द्वारा महाविद्यालय में कई वर्षों से बंद पड़े पुस्तकालय को पुनः नियमित रूप से संचालित कराने हेतु इकाई मंत्री प्रतिभा पांडेय के नेतृत्व में महाविद्यालय के प्राचार्य नेत्रपाल जी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से जिला संयोजक ओमवीर, सह नगर मंत्री देवेश, सह नगर मंत्री विशाल,नगर कला मंच सह प्रमुख सिद्धी,इकाई मंत्री प्रतिभा, इकाई सह मंत्री तान्या, हिमांशी,स्नेहा व महाविद्यालय के अन्य छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## कांवरिया कमेटी द्वारा श्रीमद्भागवत कथा के लिए शोभायात्रा निकाली

हरदोई। कांवरिया कमेटी द्वारा श्रीमद भागवत कथा के शुभारंभ से पहले शोभायात्रा निकाली गई ।महिलाएँ सिर पर कलश रखकर नगर व गांव की गलियों से होकर देवी देवताओं के जयकारे लगाते हुए निकलीं। ग्राम पंचायत दौलतयारपुर में कांवरिया कमेटी द्वारा श्रीमद्भागवत कथा के लिए शोभायात्रा निकाली गई ।शोभायात्रा नगर के किदवई नगर,सुभाष नगर,गोखले नगर, तिकोनिया पार्क,सदर बाजार आदि स्थानों से होकर कथा प्रांगण में सम्पन्न हुई ।यात्रा में भक्त गण वेदमंत्रोच्चार के साथ जयकारे लगाते रहे ।मुख्य यजमान मुनेश्वर पाल सपत्नीक सिर पर पोथी रखकर चल रहे थे।

## बाइक व ट्रक की भिड़न्त, बाइक सवार दो की मौत

गोंदलामऊ (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कल्ली चौराहा नैमिषारण्य मार्ग पर काली चौकी के समीप बाइक और ट्रक की भिड़ंत में बाइक सवार दो की मौत हो गयी। कल्ली चौराहा नैमिषारण्य मार्ग पर ग्राम खरगापुर के पास खरगापुर की तरफ से मेन रोड पर आ रहे ट्रक में नैमिषारण्य की तरफ से आ रहे दो बाइक सवारों की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें ट्रक बाइक पर चढ़ गया। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शीर्ष कुमार 22 पुत्र दयाशंकर निवासी उचौली अपने साथी सुजीत कुमार मिश्र 24 निवासी बीहट बीरम के साथ फ रुंखाबाद बीएससी की परीक्षा देने गये थे। परीक्षा देकर बाइक से वापस घर आ रहा था। कल्ली चौराहा नैमिषारण्य मार्ग पर खरगापुर की तरफ से रोड मेन रोड पर ट्रक आ रहा था। इन दोनों लड़कों की बाइक नैमिष की तरफ से आ रही थी। जोरदार टक्कर होने से ट्रक दोनों बाइक सवारों पर चढ़ गया। दोनों की मौत घटनास्थल पर ही मौत हो गई फिर भी चौकी इंचार्ज सुरेश पाल सिंह ने दोनों को सीएससी मिश्रिख भेजा। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया ट्रक कल्ली पुलिस चौकी के कब्जे में है।

## बूथ व सेक्टर प्रभारियों की बैठक

जौनपुर। करंजाकला ब्लाक के समोधीपुर गांव में जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के सपा नेता अजय त्रिपाठी ने बूथ व सेक्टर प्रभारियों की बैठक कर समीक्षा किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता घर घर जाकर सपा के कामों और नीतियों को बतायें। 2022 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए जीजान से लग जायें। 18 वर्ष तक के लोगों का नाम वोटर लिस्ट में जरूर जुड़वायें। बैठक में कैलाश यादव, रामचरित्र यादव, प्रदीप शर्मा, भोलानाथ यादव, सुभाष यादव, चंदन यादव, हवलदार यादव, अनिल गुप्त, अमित गौतम,नवनीत यादव आदि मौजूद रहे।

## सण्डीला प्रेस क्लब ने ग्रापए के तहसील अध्यक्ष का किया स्वागत

हरदोई। स्थानीय पत्रकारों की संस्था सण्डीला प्रेस क्लब द्वारा पत्रकारों द्वारा मुईज सागरी पत्रकार के ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन सण्डीला तहसील अध्यक्ष बनने पर प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रभात अस्थाना व प्रेस क्लब के मंत्री अमित कुमार मौर्य द्वारा वरिष्ठ पत्रकार वीपी सिंह की उपस्थिति में सभी पदाधिकारियों ने माला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रभात अस्थाना ने सकारात्मक पत्रकारिता व पत्रकारिता में नैतिक मूल्यों पर जोर देते हुए अपनी बात रखी। नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष मुईज सागरी ने ग्रामीण व शहरी पत्रकारिता में तालमेल बिठाते हुए ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के माध्यम से पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए काम करने की बात कही। निवर्तमान जिलाध्यक्ष अनुराग अस्थाना एडवोकेट ने तहसील की इकाई को बधाई देते हुए अपेक्षा की कि आने वाले समय में तहसील इकाई पत्रकारों के हितों के लिए संघर्ष कर एक नए आयाम स्थापित करेगी।

## सड़क हादसे में घायलों को प्रदेश अध्यक्ष सुभासपा सुनील अर्कवंशी ने पहुंचाया अस्पताल

हरदोई।। इन्सानियत के रिश्ते से बढ़कर कोई और रिश्ता नहीं होता है ।किसी इंसान का रोंया तक दुख जाए,तो दूसरा इन्सान तड़प उठे ।बस इसी को कहते हैं इन्सानियत का रिश्ता। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील अर्कवंशी ने जख्मी हालत में सड़क पर तड़प रहें मां–बेटे को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

मददगार साबित हुए प्रदेश अध्यक्ष को झोली फैलाकर खूब दुआएं दी जा रही हैं। बताया जाता है कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील अर्कवंशी चुनावी कार्यक्रम में सण्डीला विधानसभा की तरफ जा रहे थे ।इसी बीच रास्ते में प्रतापनगर के पास नयागांव के सामने सड़क के किनारे जख्मी हालत में मां–बेटा तड़प रहा था ।श्री अर्कवंशी ने देखा और जख्मी युवक ने अपना नाम मुस्तकीम निवासी बहराइच बताया। उसने कहा कि वह अपनी मां को बाइक से लेकर रिश्तेदारी में बिलग्राम जा रहा था ।तभी रास्ते में आवारा मवेशी सामने आ गए। नतीजतन दोनों हादसे का शिकार बन गए ।श्री अर्कवंशी ने एक पल की देर किए बगैर आनन–फानन में दोनों को सड़क से उठा कर अपनी गाड़ी से बेनीगंज के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां उन दोनो का इलाज चल रहा है। सुनील अर्कवंशी ने बताया कि हादसे के बारे में मुस्तकीम के घर वालों को बता दिया गया है।

## नियमित टीककरण के लिए चाई संस्था के सहयोग से हुआ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हरदोई। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के बेहतर प्रबंधन एवं सुदृढ़ीकरण के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन क्लिंटन हेल्थ एक्सेस इनिशिएटिव (चाई) संस्था के द्वारा जनपद के एक होटल में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सूर्य मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में कार्यशाला में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में सुधार लाने व कार्यक्रम को बेहतर प्रबंधन बनाने के लिए विस्तार से चर्चा की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सूर्य मणि त्रिपाठी ने कहा– नियमित टीकाकरण के आंकड़ों के आधार पर माइक्रो प्लान बनायें और टीकाकरण सेवाओं में चाई संस्था के सहयोग से सुधार करने का प्रयास करें द्य उन्होंने कहा– अन्य पार्टनर से भी सहयोग अपेक्षित है इसके अलावा फील्ड में आ रही समस्याओं पर सभी को ध्यान में रखते हुए टीकाकरण में आवश्यक सुधार किए जाएं । जिससे शत प्रतिशत लाभार्थियों का नियमित टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सके । जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने कहा कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम बच्चों व माताओं को जानलेवा बीमारियों से बचाने का सबसे सशक्त माध्यम है द्य स्वास्थ्य विभाग लक्ष्य की शत प्रतिशत प्राप्ति के लिए सभी सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य कर रहा है द्य चाई संस्था के सहयोग के बाद निश्चित ही हमारे नियमित टीकाकरण सेवाओं के परिणाम ओर बेहतर आएंगे और हम टीकाकरण के द्वारा आसानी से शिशु मृत्यु दर को और कम करने में सफल हो पाएंगे द्य उन्होंने कहा मुझे आशा है कि भविष्य में ब्लॉक संडीला में टीकाकरण सेवाओं में अधिक सुधार करते हुए सहयोगी संस्थाओं के सहयोग के बाद मॉडल ब्लॉक के रूप में विकसित किया जा सकेगा और हम अतिशीघ्र शतप्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे। जिला प्रतिक्षरण अधिकारी ने कहा कि कोविड के कारण नियमित टीकाकरण पिछड़ रहा है परन्तु अब चाई के सहयोग से हम भविष्य में टीकाकरण को 90 फीसद कर पाएंगे द्य आपसी सामंजस्य व सहयोग से टीकाकरण में निरंतर सुधार हो रहा है,लगातार प्रयास से टीकाकरण का लक्ष्य निश्चित रूप से पूरा किया जा सकेगा द्य टीकाकरण में आनेवाली दिक्कत जन जागरूकता से ही दूर की जा सकती है। प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य के नोडल अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुशील कुमार ने मॉनिटरिंग डाटा के आधार पर बताया कि जो टीकाकरण से सबंधित लॉजिस्टक्स की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए जिससे नियमित टीकाकरण में सुधार आएगा और जिससे शत प्रतिशत लाभार्थियों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जा सकेगा । चाई संस्था के राज्य स्तरीय अधिकारी कर्नल गौरव भाटिया ने चाई संस्था की भूमिका और सहयोग के बारे में भी विस्तार से बताया । इस मौके पर संडीला ब्लॉक के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. शरद वैश्य, बीपीएम, बीसीपीएम, सीसीएच, डाटा आपरेटर सहित समस्त ब्लॉक का स्टाफ, विश्व स्वस्थ्य संगठन की सर्विलांस मेडिकल ऑफिसर डा. सौम्या देव, चाई संस्था के क्लस्टर लीड साजिद साजिद अली, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर–रूटीन इम्यूनाइजेशन शैलेन्द्र तिवारी सीईओ निदा हमीद यू. एन.डी.पी. और यूनिसेफ के जिला प्रतिनिधि भी उपस्थित रहें मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी प्रकाशन एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतीनगर निकट हीरो एजेन्सी, मधुकरपुर, जिला–सिद्धार्थनगर–272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं0– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व0 श्री के.सी. शर्मा | प्रधान सम्पादकः– राजेश शर्मा
8795951917, 9453824459
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय ही मान्य होगा
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# छोटे बच्चे को सुलाते समय न करें ये गलतियां, नींद में पड़ सकता है खलल



नए माता–पिता के लिए पेरेंटिंग एक चुनौतीपूर्ण काम हो सकता है क्योंकि छोटे बच्चे को कैसे सुलाना चाहिए, कैसे उठाना चाहिए या कैसे नहलाना चाहिए आदि बातें उनके लिए किसी पहेली से कम नहीं होती हैं। इस वजह से उनसे अनजाने में कुछ गलतियां हो जाती हैं जो बच्चे के स्वास्थ्य के लिहाज से ठीक नहीं होती। आइए आज आपको कुछ ऐसी गलतियों के बारे में बताते हैं जिनसे हर माता–पिता को अपने छोटे बच्चे को सुलाते समय बचना चाहिए।

बच्चे के सोने की एक जगह तय न करना

जब छोटे बच्चे को नींद आती है तो माता–पिता उसे कहीं भी सुला देते हैं। उदाहरण के लिए, अगर माता–पिता लिविंग रूम में हैं तो वे अपने बच्चे को सोफे पर ही सुला देते हैं। इसी तरह वे उसके सोने की जगह को बार–बार बदलते रहते हैं, लेकिन यह एक बड़ी गलती है। इसके कारण बच्चा आराम महसूस नहीं कर पाता और उसकी नींद पर प्रभाव पड़ता है। इसलिए माता–पिता को उसे सुलाने की एक जगह तय कर देनी चाहिए।

शोर और लाइट वाली जगह पर बच्चे को सुला देना

अगर माता–पिता नहीं चाहते कि उनके छोटे बच्चे की नींद में किसी तरह का कोई खलल पड़े तो बच्चे को ऐसी जगह पर सुलाएं, जहां शोर बिल्कुल भी न हो और लाइट कम हो। दरअसल, अगर बच्चा सो रहा हो और वह लाइट और शोर की वजह से कच्ची नींद में उठ जाए तो फिर उसे दोबारा नींद नहीं आती है। ऐसे में नींद न पूरी होने के कारण बच्चा चिड़चिड़ा हो जाता है।

सुलाने के लिए किसी चीज का सहारा लेना

अक्सर माता–पिता अपने छोटे बच्चे को सुलाने के लिए किसी चीज का सहारा ले लेते हैं जो कि गलत है। दरअसल, अगर आप अपने छोटे बच्चे को सुलाने के लिए झूले या फिर लोरी का सहारा लेते हैं तो वह इनका आदी हो सकता है और आगे चलकर अगर वह आधी रात को उठ जाए तो वह इन चीजों के बगैर नहीं सो पाएगा। इसलिए छोटे बच्चों को सुलाने के लिए माता–पिता कभी–कभी ही इन चीजों का प्रयोग करें।

सोते हुए छोटे बच्चे को छेडना

यह सबसे बड़ी गलती है जिससे हर माता–पिता को हर हाल में बचना चाहिए। दरअसल, जब बच्चा सो जाता है तो ऐसा लगता कि घर की रौनक कहीं चली गई है। ऐसे में कई बार माता–पिता अपने सोते हुए बच्चे को प्यार से छेडने लगते हैं जो गलत बात होती है। ऐसा करने से बच्चा आधी नींद में उठ जाता है और चिड़चिड़ा होकर रोने लगता है, इसलिए ऐसा न करें।

## इंजीनियरिंग गर्ल्स 2.0 मेरे किरदार के ग्रोथ के बारे में हैः सेजल कुमार

सेजल कुमार ने बताया है कि इंजीनियरिंग गर्ल्स का दूसरा सीजन पहले भाग से कैसे अलग सीजन है। अभिनेत्री का कहना



है कि नया सीजन उनके चरित्र के विकास के बारे में है। बरखा सिंह और कृतिका अवस्थी की विशेषता और अपूर्व सिंह कार्की द्वारा निर्देशित नया सीजन, मग्गू, साबू और कियारा के इर्द–गिर्द घूमता है । अब वे कॉलेज के बाद जीवन के बारे में गंभीर होने लगे हैं, क्योंकि यह उनका अंतिम वर्ष है। नया सीजन में आप देखेंगे कि कैसे वे दैनिक दुस्साहस का अनुसरण करते है और कैसे वे अपने सपनों को साकार करने के लिए हर स्थिति से बाहर निकलने का रास्ता हल करने के लिए एक साथ आते हैं, बेहतर और मजबूत होते हैं। सेजल ने कहा कि पहले सीजन में प्रतिक्रिया और समीक्षाओं उदार और सकारात्मक थी। हर कोई बहुत खुश था कि शो कितना प्यारा और संबंधित है। सबसे मजेदार बात जो मुझे दिखी वह यह थी कि लोग नहीं जानते थे कि मैं अभिनय करती हूं और जब उन्होंने मुझे पहले सीजन में देखा, तो उनकी प्रतिक्रिया इस बात पर थी कि मैंने अच्छा अभिनय कैसे किया। उन्होंने आगे कहा कि दर्शकों के लिए यह बहुत ही आश्चर्यजनक था और इसलिए उन्हें शो में मेरा चरित्र पसंद आया। सीजन 2 सीजन 1 से बहुत अलग है। हम सभी अपने अंतिम वर्ष में हैं और चीजें थोड़ी गंभीर हैं। नए सीजन का प्रीमियर 27 अगस्त को जी 5 पर जारी होगा।




## कंगना की फिल्म धाकड़ बनी फीमेल सेंट्रिक एक्ट्रेस की सबसे महंगी फिल्म



फिल्मों से ज्यादा अपनी बयानबाजी को लेकर चर्चा में रहने वाली कंगना रनौत की अपकमिंग फिल्म धाकड़ को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है. जो उनके चाहने वालों के लिए किसी बड़ी खुशखबरी से कम नहीं है. बॉलीवुड में अब तक जितनी भी हाई बजट फिल्मों का निर्माण हुआ है वो पुरुष प्रधान फिल्म ही रही हैं. वहीं जिस फिल्म की लीड हीरो फीमेल एक्ट्रेस हो भी तो उस फिल्म का बजट सामान्य ही या काफी कम रहा है लेकिन बॉलिवुड की बेबाक ब्यूटी कंगना रनौत इसका रिकॉर्ड तोडने को रेडी हैं.

सूत्रों की मानें तो कंगना की फिल्म धाकड़ बॉलीवुड की सबसे हाई बजट महिला प्रधान होने वाली है. अब ये तो सब जानते हैं कि कंगना जब भी कुछ करती हैं या करना चाहती हैं वो सबसे अलग होता है. ऐसे में फिल्म रिलीज के बाद चाहे जैसा प्रदर्शन करे लेकिन फिलहाल कंगना ने इंडिया की फर्स्ट फीमेल सेंट्रिक हाई बजट फिल्म में काम करके इस लिस्ट में पहले नंबर पर अपना नाम जरूर शामिल कर लिया है. खबर पर अगर यकीन करें तो इस फिल्म का बजट अब तक 70–80 करोड़ रुपए के बीच पहुंच गया है. जिसमें फिलहाल प्रमोशन की कॉस्ट शामिल नहीं है. साधारणतय ये करीब 30 करोड़ रुपए के आसपास रहती है. यानी ये कंगना की 100 करोड़ रुपए की प्रोडक्शन कॉस्ट वाली पहली फिल्म होगी. इतना पैसा अब तक बॉलीवुड में किसी एक्ट्रेस की फिल्म पर नहीं खर्च किया गया है जिसमें वो अकेली लीड रोल में हों.

फिल्म से जुड़ी जानकारी समय समय पर कंगना रानौत अपने फैंस के साथ शेयर करती रहीं हैं. कुछ समय पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर करते हुए बताया था कि एक एक्शन सीन पर 25 करोड़ की बड़ी रकम खर्च की है. उन्होंने वीडियो के कैप्शन दिया था

श्कभी नहीं देखा कि कोई डायरेक्टर रिहर्सल को इतना समय और महत्व देता हो.

हाल ही में एक्ट्रेस कंगना रनौत ने बुडापेस्ट में अपनी स्पाई थ्रिलर फिल्म श्धाकड़्य की शूटिंग पूरी की थी.उन्होंने रैप–अप पार्टी की कई तस्वीरें साझा की थीं. उनके निर्देशक रजनीश घई द्वारा आयोजित इस पार्टी में पूरी क्रू और कंगना की बहन रंगोली चंदेल ने शिरकत की थी.

बता दें कि रजनीश रजी घई द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कंगना एजेंट अग्नि की भूमिका निभाएंगी. फिल्म इसी साल अक्टूबर में रिलीज होगी. सोहेल मकलाई प्रॉडक्शन्स्य और श्एसाइलम फिल्म्स्य के बैनर तले फिल्म का निर्माण किया गया है.इस फिल्म में कंगना और अर्जुन रामपाल के अलावा दिव्या दत्ता भी अहम किरदार में होंगी.

## जरीन खान कर रही हैं बिग बॉस 12 फेम कंटेस्टेंट को डेट


Image instagrammed by zareenkhan

सलमान खान स्टारर वीर फिल्म से करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री जरीन खान फैंस के दिलों में घर करती हैं. जरीन अपनी एक्टिंग से ज्यादा खूबसूरती के लिए फैंस के बीच छाई रहती हैं. जरीन खान इन दिनों गोवा में अपना निजी वक्त गुजार रही हैं. बता दें कि जरीन किसी खास के साथ इन दिनों गोवा में हैं.

खबर के अनुसार एक्ट्रेस जरीन खान इन दिनों बिग बॉस 12 फेम अपने शिवाशीष मिश्रा के साथ छुट्टियां एन्जॉय कर रही हैं. जरीन और शिवाशीष के अफेयर की खबरें भी काफी वक्त से सुर्खियों में है. हाल ही में शिवाशीष ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह एक्ट्रेस को प्यार से बुलाते दिख रहे हैं.

आपको बता दें कि हाल ही में अपना जन्मदिन मनाने वाले शिवाशीष ने इंस्टाग्राम पर कुछ वीडियो साझा किए. इनमें से एक वीडियो में जरीन शिवाशीष के द्वारा स्वीटी के रूप में संबोधित करते हुए देख सकते हैं. समुद्र के नजारे का आनंद लेते हुए जरीन नीले रंग की डेनिम के साथ एक बहुरंगी टी–शर्ट में बहुत सुंदर लग रही थी.

इस बीच, शिवाशीष के जन्मदिन पर, जरीन ने कैप्शन के साथ उनकी तस्वीरों को साझा करते हुए एक पोस्ट साझा किया था, तेदा है पर मेरा है जन्मदिन मुबारक हो मेरे शिव ?? भगवान आपको हमेशा वह सब कुछ दे जो आप चाहते हैं. आपको बता दें कि शिव पहले से ही जरीन के साथ की फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर करते आए हैं. हालांकि अभी तक दोनों ने खुलकर अपने रिश्ते पर मोहर नहीं लगाई हैं. शिव बिग बॉस 12 में दिखाई दिए थे, वह शो के फाइनलिस्ट श्रीसंत के बेहद करीब थे. शो में शिव को उनके दमदार अंदाज के लिए पसंद किया गया था. हालांकि शिव ने शो में आम लोगों के रूप में एंट्री मारी थी.

## चाय से जुड़े इन भ्रमों को सच मानते हैं लोग, जानिए इनकी सच्चाई



कई लोगों के दिन की शुरूआत एक कप चाय के साथ होती है, वहीं कुछ लोग ऐसे हैं जो तरह–तरह की चाय का सेवन टॉनिक के रूप में करते हैं। हालांकि जैसे–जैसे लोगों के बीच तरह–तरह की चाय मशहूर हुई है, वैसे–वैसे लोगों के मन में इससे जुड़े कई भ्रम घर करते जा रहे हैं जिनकी सच्चाई कुछ अलग ही है। आइए आज आपको चाय से जुड़े कुछ भ्रम और उनकी सच्चाई के बारे में बताते हैं।

भ्रम– दूध वाली चाय के सेवन से स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचता है

कई लोगों का यह मानना है कि दूध वाली चाय के सेवन से स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचता है, लेकिन इस बात की सच्चाई से लोग अनजान है। दरअसल, कई लोगों का मानना है कि चाय में दूध मिलाने से इसके पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं, जबकि यह गलत है। चाय में दूध मिलाने से कभी भी इसके पोषक तत्व कम नहीं होते हैं, बल्कि दूध मिलाने से शरीर में कैल्शियम की पूर्ति होती है।

भ्रम– ग्रीन टी पीने से तुंरत कम होता है वजन

अगर आप इस बात को सच मानते हैं कि ग्रीन टी पीने से वजन तुरंत कम होता है तो आपको बता दें कि यह सिर्फ आपका भ्रम है। भले ही ग्रीन टी में मौजूद पोषक तत्व मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने और फैट बर्न करने में मदद करते हों, लेकिन इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि सिर्फ ग्रीन टी पीन से ही वजन कम होने लगता है। इसके साथ आपको अपनी डाइट और एक्सरसाइज पर भी पूरा ध्यान देना होगा। भ्रम– चाय कैंसर के जोखिम को कम करने में मदद कर सकती है

चाय से जुड़ा एक भ्रम यह भी है कि यह कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के जोखिम को कम करने में मदद कर सकती है, जबकि ऐसा कुछ नहीं है। हम ऐसा इसलिए कह सकते हैं क्योंकि इस बात का कोई चिकित्सकीय प्रमाण नहीं है कि चाय कैंसर के जोखिम को कम कर सकती है। हालांकि कई अध्ययनों में इस बात का जिक्र मिलता है कि सीमित मात्रा में ग्रीन टी का सेवन कैंसर से बचाव करने में कारगर है। भ्रम– चायपत्ती कभी एक्सपायर नहीं होती है

शायद यह सबसे आम भ्रम है कि चाय बनाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली चायपत्ती कभी एक्सपायर नहीं होती है, जबकि ऐसा कुछ नहीं है। अगर आप भी ऐसा सोचते हैं तो आप बिल्कुल गलत हैं क्योंकि रसोई में मौजूद अधिकतर चीजों की तरह चायपत्ती की भी एक्सपायरी डेट होती है। एक्सपायरी हो चुकी चायपत्ती से बनाई गई चाय का सेवन करने से सेहत को नुकसान पहुंच सकता है।